

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-112 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

# कांवड़ रूट की हर दुकान पर लिखना होगा मालिक का नाम



**लखनऊ,19 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कांवर यात्रा मार्ग पर सभी भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश दिया। यह निर्णय विपक्षी दलों के विरोध के बाद मुजफ्फरनगर में उत्तर प्रदेश की पुलिस द्वारा अपने आदेशों को रद्द करने के एक दिन बाद आया है, जिसमें भोजनालयों के लिए मालिकों के नाम प्रदर्शित करना स्वैच्छिक हो गया है। निर्देश के मुताबिक, हर खाने-पीने की दुकान या ठेले वाले को बोर्ड पर मालिक का नाम लिखना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कांवर यात्रियों की पवित्रता बनाए रखने के लिए लिया गया है। अब, हर भोजनालय, चाहे वह रेस्तरां हो, सड़क किनारे ढाबा हो, या यहां तक कि खाने की गाड़ी भी हो, उसे मालिक का नाम प्रदर्शित करना होगा। इससे पहले आज उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आरोप लगाया कि मुस्लिम, हिंदू नामों की आड़ में तीर्थयात्रियों को मांसाहारी भोजन बेचते हैं। मंत्री ने कहा, वे वैष्णो ढाबा भंडार, शाकुंभरी देवी भोजनालय और शुद्ध भोजनालय जैसे नाम लिखते हैं और मांसाहारी भोजन बेचते हैं।

22 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में तैयारियां चल रही हैं। इस बीच, **उत्तराखंड** पुलिस ने भी निर्देश जारी कर कांवड़ यात्रा मार्गों पर भोजनालयों को बोर्ड पर मालिकों के नाम लिखने को कहा है।

## ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने किया समर्थन

**लखनऊ,19जुलाई।** कांवड़ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के कांवड़ यात्रा रूट वाले जिलों में खाने-पीने और फल की दुकानों पर दुकानदारों से अपने नाम का बोर्ड टांगने के लिए कहा गया है. एक तरफ कई सियासी दल इस फैसले का विरोध कर रहे हैं तो वहीं, इस्लामिक संगठन ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने इस फैसले का समर्थन किया है. ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा है कि कांवड़ यात्रा के मार्ग पर ढाबा संचालकों, फल विक्रेताओं और अन्य स्टॉल मालिकों के लिए सहारनपुर पुलिस ने जो एडवाइजरी जारी कि है उस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए. मौलाना ने कहा है कि पुलिस की एडवाइजरी कानून व्यवस्था के लिए है, क्योंकि यह एक धार्मिक यात्रा है और पुलिस ने यह व्यवस्था इसलिए लागू की है ताकि इसमें हिंदू-मुस्लिम विवाद न हो.

## जयपुर में मीट की दुकान के बाहर झटका या हलाल लिखना अनिवार्य

जयपुर,19 जुलाई। राजस्थान के जयपुर नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र में मांस विक्रेताओं के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। इस नियम को लेकर आगे आने वाले समय में बवाल मच सकता है। नए नियम के मुताबिक, जयपुर में अब मीट की दुकानों के बाहर 'झटका' या 'हलाल' लिखना अनिवार्य है। इस फैसले को ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मंजूरी दे दी है।

## जेडीयू व आरएलडी ने किया विरोध

उत्तर प्रदेश में सावन महीने के दौरान कांवड़ यात्रा रूट पर होटल, रेस्तरां, ढाबा, फल और खान-पान की दूसरी दुकानों पर मालिक के नाम का बोर्ड लगाने के आदेश से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सहयोगी दल ही मोर्चा खोल रहे हैं। गुरुवार को नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने इस आदेश की समीक्षा की मांग की थी तो शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभाव रखने वाले जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) ने इस आदेश को वापस लेने की मांग कर दी है।

# माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर ठप्प, विश्व भर में हाहाकार,विमान,बैंकिंग सहित कई सेवाएं प्रभावित

**वाशिंगटन,19 जुलाई।** दुनियाभर में तमाम लोगों के कंप्यूटर पर माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर ठप्प हो गया है। इस कारण दुनिया भर में बैंक से लेकर एयरलाइंस सर्विस पर काफी असर हुआ है। कंपनी द्वारा पिन किए गए मैसेज के अनुसार कई विंडो के यूजर्स को ब्यू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर नजर आ रहा है। इस घटना के बाद माइक्रोसॉफ्ट ने गुरुवार को कहा कि वह मध्य अमेरिकी क्षेत्र में अपनी क्लाउड सेवाओं से संबंधित समस्याओं की जांच कर रहा है, जिसके कारण विश्व भर में सेवाएं बाधित हुई हैं। इस परेशानी के कारण बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए है। शुक्रवार की सुबह भी क्लाउड सर्विस बाधित होने के कारण दुनियाभर में कई इलाकों में परेशानी आ रही है। इस कारण एयरलाइंस की कई उड़ानों पर भी असर हुआ है। उड़ानों पर असर भारत से लेकर अमेरिका समेत कई देशों में देखने को मिला है।दुनिया भर की प्रमुख एयरलाइन कंपनियों ने कहा कि इस व्यवधान से दिल्ली और मुंबई सहित उनकी उड़ान परिचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अकासा एयरलाइंस ने घोषणा की है कि उसकी कुछ ऑनलाइन सेवाएं मुंबई और दिल्ली हवाई अड्डों पर अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं रहेंगी। स्पाइसजेट ने एक बयान में यह भी कहा कि उसे उड़ान संबंधी अपडेट देने में फिलहाल तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इंडिगो एयरलाइंस ने भी कहा कि माइक्रोसॉफ्ट की खराबी के कारण उसके सिस्टम पर असर पड़ रहा है। उसने एक बयान में कहा, इस दौरान बुकिंग, चेक-इन, बोर्डिंग पास तक पहुंच और कुछ उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। वैश्विक स्तर पर, फ्रंटियर ग्रुप होल्डिंग्स इंक की इकाई, अमेरिका स्थित फ्रंटियर एयरलाइंस ने दो घंटे से अधिक समय तक उड़ानें रोक दीं और इसका कारण माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में आई समस्या बताया।

## संक्षेप

### आकाशवाणी की आवाज रहे मिर्जा मसूद का निधन



**रायपुर,19 जुलाई।** प्रसिद्ध रंगकर्मी और आकाशवाणी में वरिष्ठ उद्घोषक मिर्जा मसूद का निधन हो गया. 80 वर्षीय ने रात 3 बजे मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर से कला एवं साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई. आकाशवाणी उद्घोषक के तौर पर लंबा कार्यकाल व्यतीत करने वाले मिर्जा मसूद को छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से चक्रधर सम्मान और चिन्हारी सम्मान प्रदान किया गया था. उनकी कला और रंगमंच के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अलग पहचान दिलाने में अहम भूमिका थी. उनके योगदान को देखते हुए दिल्ली के राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) में भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया था.

**मुख्यमंत्री ने किया शोक व्यक्त**-मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मशहूर रंग निर्देशक और आकाशवाणी के वरिष्ठ उदघोषक मिर्ज़ा मसूद जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मिर्ज़ा मसूद जी ने अपना पूरा जीवन रंगमंच को समर्पित कर दिया। उनका निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

### निगरानीशुदा बदमाश टॉवर में चढ़ा

**भिलाई,19 जुलाई।** चोरी के मामले में संदेही एक निगरानीशुदा बदमाश पुलिस से बचने के लिए आज 50 से 60 फिट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। दरअसल चोरी के एक मामले में पुलिस उसे पकड़ने उसके घर पहुंची हुई थी। लेकिन इससे पहले वह टावर पर चढ़कर घंटो तक ड्रामा करता रहा करीब छः घंटे बाद जब वह टावर से उतरा। तब वैशाली नगर थाना पुलिस की टीम उसे सीधे थाने लेकर पहुंची इसके बाद उससे पूछताछ की जा रही है क्राइम ब्रांच प्रभारी तापेश सिंह नेताम ने बताया कि आरोपी राहुल बांसोड़ उर्फ दद्दू चोरी के एक मामले में संदेही है उससे पूछताछ के लिए ही पुलिस पार्टी उसके घर गई थी लेकिन वह टावर पर चढ़ गया और अब न्यायसंगत करवाई की जायेगी

### छग -तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़,कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर

**बीजापुर,19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बल के जवानों के एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है. सूत्रों के मुताबिक, ग्रेहाउंड्स के जवानों ने तेलंगाना और बीजापुर की सीमा पर नक्सलियों की बड़ी टीम को घेरा है. मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. हालांकि इसकी अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. सूत्रों के मुताबिक, बीजापुर जिले के इल्मीड़ी के जंगलों में सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है.

# मानसून सत्र में मोदी सरकार लाएगी 6 नए विधेयक

**नई दिल्ली,19 जुलाई।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त तक चलेगा। मानसून सत्र में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को केंद्रीय बजट-2024 पेश करेंगी। मानसून सत्र में मोदी सरकार 6 विधेयक लाने जा रही है, जो आपके जीवन पर असर करेंगे। संसद के मानसून सत्र के दौरान आपदा प्रबंधन कानून में संशोधन, भारतीय वायुयान विधेयक 2024, बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। विधेयकों की सूची गुरुवार शाम को लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संसद बुलेटिन में प्रकाशित की गई। इसमें मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होने से लेकर 12 अगस्त तक चलने की जानकारी दी गई। साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 जुलाई को केंद्रीय बजट पेश करने की बात कही गई। सरकार ने संसद के मानसून सत्र से पहले 21 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी दलों के नेता इसमें हिस्सा लेने वाले हैं। विपक्ष अपनी मांगों को भी सरकार के समक्ष रख जाएगा। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि पार्टी का कोई भी प्रतिनिधि बैठक में शामिल नहीं होगा, क्योंकि 21 जुलाई को पार्टी शहीद दिवस के रूप में मनाती है।



**रायपुर,19जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. खूबचंद बघेल व्यवसायिक परिसर, फूल चौक पहुँचकर डाक्टर बघेल की 124 वीं जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

# असम में मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण कानून रद्द

**गुवहाटी,19 जुलाई।** असम सरकार ने मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम 1935 को निरस्त कर दिया है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इन दोनों कानूनों की जगह अब असम रिपीलिंग बिल 2024 लेगा। बता दें कि असम के मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले ही मुस्लिम आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए राज्य में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि ये मेरे लिए जीने-मरने का सवाल है।

मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, 'हमने बाल विवाह के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करके अपनी बेटियों और बहनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज असम कैबिनेट की बैठक में हमने असम निरसन विधेयक 2024 के जरिए असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम 1935 को निरस्त करने का निर्णय लिया है। सरमा ने राज्य में मुस्लिम आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रकाश डालते हुए राज्य में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की थी। सरमा ने कहा था कि बदलती जनसांख्यिकी मेरे लिए एक गंभीर मुद्दा है। असम में, मुस्लिम आबादी 1951 में 12 प्रतिशत से बढ़कर आज 40 प्रतिशत हो गई है।

# विद्यार्थियों पर पिछले स्कूल से टीसी लाने का दबाव नहीं डाल सकते संस्थान: हाईकोर्ट

**चेन्नई,19 जुलाई।** स्कूल बच्चों से पिछले विद्यालय से टीसी यानी स्थानांतरण सर्टिफिकेट लाने के लिए दबाव नहीं डाल सकते। मद्रास हाई कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को यह आदेश जारी किया। अदालत ने कहा कि टीसी का इस्तेमाल अकसर स्कूल बकाया फीस को वसूलने के लिए एक पैंतरे के तौर पर करते हैं। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार को एक सर्कुलर जारी करना चाहिए, जिसमें स्कूल मैनेजमेंट से कहा जाए कि वह बच्चों से पिछले स्कूल से टीसी लाने का दबाव न डालें। दरअसल किसी नए स्कूल में दाखिले पर पिछले विद्यालय से टीसी लाने को कहा जाता है। जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और जस्टिस सी. कुमारप्पन की बेंच ने कहा कि स्कूलों को टीसी में गैर-जरूरी चीजें नहीं लिखनी चाहिए। जैसे कई स्कूल लिख देते हैं कि फीस में देरी हुई या फिर कुछ हिस्सा नहीं चुकाया गया। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार को इस पर विचार करना चाहिए और जरूरी हो तो फिर तमिलनाडु एजुकेशन रूल्स में बदलाव भी करना चाहिए। अदालत ने कहा कि किसी बच्चे पर टीसी लाने का दबाव डालना या फिर टीसी में गैर-जरूरी चीजें लिखना गलत है। ऐसा करना शिक्षा के अधिकार के नियम का उल्लंघन है।

अदालत ने कहा, टीसी बच्चों से बकाया फीस वसूलने का उपकरण नहीं है। यह एक निजी दस्तावेज है, जो बच्चों के नाम पर जारी किया जाता है। स्कूल को अपनी समस्या किसी बच्चे पर नहीं थोपनी चाहिए और उसके टीसी पर फीस पेमेंट न करने या लेट फीस जैसी चीजें नहीं लिखनी चाहिए। जजों ने कहा कि स्कूल को फीस देना पेरेंट्स का काम है। नियम के अनुसार स्कूलों को पैरेंट्स से यह फीस वसूलनी ही चाहिए। बच्चों को मिलने वाली टीसी पर इसका रिकॉर्ड दर्ज करना गलत है। ऐसा करना छात्र का उत्पीड़न है और शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है।

# ब्रिटेन में दंगाइयों ने गाड़ियों में लगाई आग

**लंदन,19 जुलाई।** चुनाव खत्म होते ही ब्रिटेन में दंगा भड़क गया। यूनाइटेड किंगडम के लीड्स शहर में बीती रात जमकर दंगा हुआ। इस दौरान दंगाइयों ने जमकर उत्पात मचाया। उपद्रवियों ने गाड़ियों में में आग लगा दी। वहीं पुलिसकर्मियों पर पत्थरबाजी की गई। बड़ी संख्या में लोग शहर के बीचोबीच इकट्ठा हुए और जमकर उत्पात मचाया। ब्रिटेन दंगा का कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में लोग पुलिस की कार पर हमला कर रहे हैं। भीड़ पुलिस वैन को पलटती दिखाई दे रही है। वैन को पलटने से पहले उसकी खिड़कियों के शीशे तोड़े जा रहे हैं। दंगाइयों में काफी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे भी हैं, पत्थर फेंक रहे हैं।

इन दंगों का कारण स्थानीय चाइल्ड केयर एजेंसी की ओर से बच्चों को उनके माता-पिता से अलग कर चाइल्ड केयर होम में रखना बताया जा रहा है। इसी के विरोध में लोग सड़कों पर उतरे हैं। यूके की गृह मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि लीड्स में फैली अशांति की खबरों से वह सकते में है. वह लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है। वेस्ट यॉर्कशायर पुलिस का कहना है कि लीड्स के हेयरहिल्स इलाके की लग्जर स्ट्रीट पर गुरुवार को स्थानीय समयानुसार पांच बजे खिड़कियों के शीशे तोड़े जा रहे हैं।

एक वीडियो में शख्स बस को आग लगाता दिखाई दे रहा है जबकि कुछ लोग कूड़ा फेंक रहे हैं। एक अन्य वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ लोग एक बड़े फ्रीज को



लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। इनमें कुछ बच्चे भी शामिल थे। हालांकि जल्द ही भीड़ उग्र हो गई और देखते ही देखते दंगा होने लगा। हालांकि, इस हमले में अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में लोग पुलिस की कार पर हमला कर रहे हैं। भीड़ पुलिस वैन को पलटते दिखाई दे रहे हैं लेकिन इससे पहले उसकी लाकर सड़क पर लगाई गई आग में झोंक रहे हैं। इन दंगों की वजह से कई सड़कें अवरुद्ध कर दी गई और लोगों को स्थिति नियंत्रित होने तक इस इलाके में जाने से बचने की सलाह दी गई है। कहा जा रहा है कि स्थानीय चाइल्ड केयर एजेंसी की ओर से बच्चों को उनके माता-पिता से अलग कर चाइल्ड केयर होम में रखा जा रहा है। बीते कुछ दिनों में कई बच्चों को चाइल्ड केयर होम में रखा गया है.

## डायरिया से नहीं हुई तीन ग्रामीणों की मौतः रिपोर्ट

**कवर्धा,19जुलाई।** कबीरधाम जिले के बोडला विकासखंड के ग्राम सोनवाही के पारा-टोला सरेंडा निवासी तीन ग्रामीणों की मृत्यु का कारण दूषित जल पीने या डायरिया से नहीं हुई है. तीन ग्रामीणों की मृत्यु का कारण अलग-अलग है. एक ग्रामीण महिला की मृत्यु रायपुर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में हुई है. ये बातें कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर बनी तीन सदस्यीय जांच टीम ने कलेक्टर को सौंपी अपनी जांच रिपोर्ट में बताई है.

कलेक्टर जनमेजय महोबे को बोडला विकासखण्ड के ग्राम सोनवाही के आश्रित पारा-टोला सरेंडा में तीन ग्रामीणों की मृत्यु होने की सूचना मिली थी. कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, पीएचई और अनुविभागीय अधिकारी बोडला के साथ सरेंडा गांव का अवलोकन किया था और पीड़ित परिवारों से आवश्यक चर्चा की थी. कलेक्टर ने तीन ग्रामीणों की मृत्यु की वास्तविक कारणों की जांच के लिए कार्यपालन अभियंता पीएचई, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोडला, और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कवर्धा की तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई थी.

## एक घंटे की बारिश में जगदलपुर तरबतर

**जगदलपुर,19 जुलाई।** बस्तर में सुबह हुई एक घंटे की झमाझम बारिश ने शहर को जल मग्न कर दिया. सड़कें नदियों में तब्दील हो गई, लोगों के घरों में पानी घुस गया. स्कूल-कॉलेजों में पानी भरने से छुट्टी की घोषणा करनी पड़ी. वहीं कई जगहों पर पेड़ों के गिरने से गाड़ियां दब गई. महज एक घंटे की तेज बारिश ने निगम के दावों की पोल खोल दी. बारिश से



विद्याज्योति स्कूल, क्राइस्ट कॉलेज की सड़कों पर पानी भर गया. जल भराव की वजह से स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई. शहर के रमईया वार्ड, अंबेडकर वार्ड, गंगानगर वार्ड, दलपतसागर वार्ड, वीर सावरकर वार्ड, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड के साथ कई वार्डों में बारिश का पानी भरने से वार्डवासी परेशान हो रहे हैं.

# मुख्यालय छोड़ने वाले डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीएम

रायपुर, 19 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़

बारिश की मौसम में बीमारियों का प्रकोप रहता है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि स्वास्थ्य के मामले में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। श्री साय ने सभी अधिकारियों को संवेदनशील गांवों का भ्रमण कर हालत पर नजर रखने और जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा मुख्यालय छोड़ने वाले डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मी पर होगी कड़ी कार्रवाई होगी।



इसी कड़ी में बिलासपुर जिले के कलेक्टर अवनीश शरण ने कोटा विकासखण्ड के मलेरिया प्रभावित कुरदर, छुईहा, टेंगनमाड़ा सहित अनेक ग्रामों का दौरा किया। कलेक्टर ने बारिश के कारण कीचड़ एवं दलदल से सने छुईहा एवं चिखलाडबरी सड़क मार्ग का बाईक में सवार होकर निरीक्षण किया और गांव के पहुंच मार्ग को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर ने कुरदर में मलेरिया चौपाल लगाकर वहां के हालात की समीक्षा की। उन्होंने गांव के चौक पर मलेरिया चौपाल लगाकर स्वयं मितानिन से मलेरिया जांच कराकर परीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों से हालात की जानकारी ली। कुरदर के सरपंच राजकुमार पैकरा से भी चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को रोज शाम को जनचौपाल लगाकर लोगों में जागरूकता फैलाने को कहा है। उन्होंने एक बाईक एम्बुलैंस को कुरदर में चौबीसों घण्टे रखने के निर्देश दिए। सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने को कहा है। कैंदा अस्पताल को एक 108 वाहन उपलब्ध कराने एवं कुरदर में पानी एवं बिजली की समस्या के निदान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने टेंगनमाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया है कि यदि फेल्सिफेरम मलेरिया कन्फर्म होती है तो स्थानीय स्तर पर इलाज न करके सीधे जिला अस्पताल अथवा सिम्स में भर्ती के लिए रिफर किया जाये। उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रार्थना के उपरांत बच्चों को डायरिया एवं मलेरिया से बचने के उपाय बताएं। कलेक्टर ने निर्देश दिया है कि एक अलग कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर मरीजों के घर का फोन नम्बर लेकर लगातार बीमारी की मॉनीटरिंग की जाये।

## छत्तीसगढ़ और ओलंपिक खेल : भाग-3 साइकलिंग

jasclaudius@gmail.com

# खनिज संसाधन से प्राप्त राजस्व से होगा विकास

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

इस आलेख की तीसरी कड़ी में आज हम सायकलिंग खेल का महत्व और छत्तीसगढ़ में उसकी संभावना विषय पर प्रकाश डालेंगे। हमारे प्रदेश के मौसम व वातावरण के अनुकूल इसके पहले ओलंपिक खेल में एथलेटिक्स के कुछ इवेंट और जलक्रीड़ा में तैराकी के महत्व की जानकारी दे चुके हैं। आज ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में शामिल सायकलिंग खेल के छत्तीसगढ़ की जनता व धरती से जुड़ाव की ओर दृष्टि करेंगे। छत्तीसगढ़ गांव बहुल राज्य है। यहां पर एक गांव से दूसरे गांव या किसी गांव से शहर जाने का सबसे अच्छा साधन सायकल है। इस प्रदेश में साइकिल को हम प्रदेश वाहन की संज्ञा दे सकते हैं। वैसे भी आज साइकिल राज्य के सभी नागरिकों की पसंद होती जा रही है। आधुनिक युग की भागदौड़ में आगे बढ़ना है तो शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहना अनिवार्य है। इसी वजह से क्या गांव, क्या कस्बा, क्या शहर, क्या महानगर सभी जगह सायकल का इस्तेमाल बढ़ गया है। समाज में साइकल की महत्ता बढ़ने का एक कारण पर्यावरण से जुड़ी समस्या है। वाहन के अत्याधिक प्रयोग से वातावरण के दूषित होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बच्चों, किशोरों तथा युवाओं व बुजुर्गों में इस वजह से खांसी, फेफड़े संबंधी बीमारी, आंख, कान, नाक की समस्या विकराल होते जा रही है। कुल मिलाकर सायकल आज मानव जीवन के लिए जरूरी हो गया है। इधर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शाला के विद्यार्थियों को साइकिल दिया जा रहा है इससे उनके शालाओं में पहुंचने का समय बच रहा है साथ ही पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल रहा है। एक और बात एक घर में सायकल आने से हमारे प्रदेश में उसको घर के सभी सदस्य आवश्यकतानुसार चला सकते हैं। विद्यार्थियों के शाला की अवधि को छोड़ दे तो बाकी समय भाई,



बहन, पिता अन्य रिश्तेदार उस सायकल से एक गांव से दूसरे गांव या मोहल्ले तक जा सकते हैं या फिर बाजार, मंडी में जाकर या घर में हुई फसल को बेच सकते हैं या फिर आवाश्यक घरेलू सामान खरीदकर घर ला सकते हैं। उपरोक्त सभी जानकारी से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के रहने वाले अधिकांश लोग सायकल की सवारी कर लेते हैं। यह प्रतिदिन 20-25 किलोमीटर तक हो सकता है। कुल मिलाकर सायकल चलाने वाले सायकलिंग स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में सायकलिंग खेल में 2024 के पेरिस ओलंपिक में महिला-पुरुष वर्ग में 22 इवेंट हैं जिसमें रोड सायकलिंग में 04, ट्रेक साइकलिंग में स्प्रिंट, टीम स्प्रिंट, कैइरिन, मडीसन, ओमनियम, टीम परसुट याने महिला, पुरुष मिलाकर 12 इवेंट, माउटिंग बाइक इवेंट में महिला-पुरुष क्रॉस कंट्री के दो इवेंट,बीएमएक्स में पुरुष महिला रेस, फ्रीस्टाइल के चार इवेंट होते हैं। सायकलिंग स्पर्धा में भाग लेने के लिए विशेष रूप से निर्मित सायकल की आवश्यकता होती है। इस खेल में 22 इवेंट अर्थात् 22 स्वर्ण, 22 रजत, 22 कांस्य याने 66 पदक दांव पर लगते हैं। इनमें से विशेष सायकल उपलब्ध कराकर किशोरों, युवाओं को रोड के चार इवेंट तथा ट्रेक के 12 इवेंट में भाग लेने के लिए तैयार किया जा सकता है। इसी तरह की स्पर्धा चार वर्ष के दौरान एशियाई खेलों, एशियाई सायकलिंग चैंपियनशिप, विश्व सायकलिंग चैंपियनशिप तथा राष्ट्रमंडल खेलों में भी होते हैं। अतः चार वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सायकलिंग की पांच प्रतियोगिताएं होती है उसमें कम से कम 80 स्वर्ण, 80 रजत, 80 कांस्य पदक होते हैं। इसमें एक अत्याधुनिक वेलोड्रम अर्थात् सायकलिंग के खेल मैदान की आवश्यकता होती है जिसके निर्माण में लगभग 40-45 करोड़ की लागत आ सकती है। एक 50 खिलाड़ियों का आवासीय भवन और रेसिंग के लिए अनुकूल सायकल की लागत 10 से 15 करोड़ की होगी। छत्तीसगढ़ में खनिज संसाधन की उपलब्धता को देखते हुए थोड़ा नियम में परिवर्तन कर जिस तरह ओडिसा सरकार ने राज्य के राजस्व से प्राप्त राशि के इस्तेमाल में संशोधन करके खेलकूद में लगाया है। जिससे ओडिसा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पहचान मिली है। छत्तीसगढ़ में भी आसानी से सायकलिंग खेल को बढ़ावा दिया जा सकता है। जिससे छत्तीसगढ़ का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आ सकता है।

# बीएसपी की कार्रवाई जारी, 41 आवासों से अवैध कब्जे कराए गए खाली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा लगातार नौवें दिन भी माननीय संपदा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली थाना, भिलाई नगर, पुलिस बल की सहायता से अवैध कब्जेधारियों पर बड़ी कार्यवाही की गई। दिनांक 18 जुलाई 2024 को अवैध कब्जेधारियों पर बेदखली कार्यवाही करते हुए कुल 41 आवासों से अवैध कब्जेधारी निकाले गए, जिसमें से कुल 22 डिक्री आवासों पर अवैध कब्जे को खाली कराया गया। इन बीएसपी आवासों को अवैध रूप से कब्जा कर दलालों द्वारा किराया वसूली किया जा रहा है। 18 जुलाई को सेक्टर-06 समेत टाउनशिप के कुछ अन्य स्थानों पर अनफिट ब्लॉक्स में कुल 41 अनफिट आवासों को खाली कराया गया7 इन आवासों में विद्युत-जल आपूर्ति को बंद कर, दरवाजे खिड़कियों को निकाल दिया गया है। साथ ही सिविल विभाग द्वारा पार्शियल डिमोलिशन (आंशिक रूप से ध्वस्त) करना शुरू कर दिया गया है। 2024-25 के



दौरान अब तक अवैध कब्जेधारियों के विरोध में माननीय संपदा न्यायालय द्वारा पारित 285 डिक्री का क्रियान्वयन तथा 525 बीएसपी आवासों को खाली करवाया जा चुका है। सरकारी आवासों में अवैध रूप से रहने वाले के विरुद्ध भी स्त्रद्धक्र हेतु प्रकरण तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग द्वारा कार्यवाही के दौरान अवैध बैनर पोस्टर निकाले गए तथा सेंट्रल एवेन्यू से कुछ आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजीहाउस पहुँचाया गया। अनफिट ब्लॉक्स को अधिकृत एजेंसी द्वारा खतरनाक घोषित किया जा चुका है। इन अवैध कब्जेधारियों, भू-माफियाओं और दलालों के विरुद्ध बीएसपी प्रबंधन द्वारा कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी तथा आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। बीएसपी आवासों में अवैध रूप से रहने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भी आदेश जारी कर कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### अज्ञात युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई 19 जुलाई।** जामुल थाना अंतर्गत एक कंपनी के पीछे पेड़ पर अज्ञात युवक की फांसी पर लटकी लाश पुलिस ने बरामद की है पुलिस मर्ग कायम कर शव की शिनाख्त में जुट गई है जामुल पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि 15 जुलाई को शिवपुरी वार्ड क्रमांक 16 रेलवे किनारे फेब्रिकेशन कंपनी के पीछे एक पेड़ में अज्ञात युवक की फांसी पर लाश लटकी है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा कर शव को मरच्युरी में रखवा दिया है पुलिस शव की शिनाख्त में जुट गई है शर्ट, सफेद रंग का पैंट पहना है दाढ़ी रखा हुआ है।

### पौधा है तो जीवन है: परगनिहा

**कवर्धा 19 जुलाई।** पौधारोपण पर चर्चा करते हुए



लोकनिर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एल पी परगनिहा ने पौधारोपण पर चर्चा करते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति को पोधे की सुरक्षा और पौधारोपण पर ध्यान ध्यान देना चाहिए क्योंकि पौधा है तो जीवन है और पौधे का ख्याल परिवार की तरह रखना चाहिए ।

### विस अध्यक्ष रमन सिंह के दुर्ग प्रवास पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की सौजन्य भेंट



**उतई 19 जुलाई।** विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के प्रथम दुर्ग प्रवास के अवसर पर दुर्ग सर्किट हाउस में सौजन्य भेंट मुलाकात कर पूर्व कैबिनेट मंत्री व पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण श्रीमती रमशिला साहू ने अंचल सहित दुर्ग जिले के विकास कार्यों सहित अन्य विषयों पर चर्चा किए। इस अवसर पर भाजपा नेत्री श्रीमती तुलसी साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं जिला के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### एक पौधा मां के नाम पर अभियान के तहत शक्कर कारखाना में किया गया पौधारोपण



**कवर्धा 19 जुलाई।** भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक गौरी शंकर शर्मा सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा एक पौधा मां के नाम पर अभियान के तहत कारखाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया। भोरमदेव शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक गौरी शंकर शर्मा ने सभी लोगों से विनम्र अपील की प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाएं और पौधे का ख्याल अपने परिवार की तरह रखे क्योंकि पौधा है तो जीवन है ।

### आपसी विवाद के चलते जानलेवा हमला

**भिलाई 19 जुलाई।** छावनी थाना क्षेत्र के कैंप-1 सुंदर नगर चर्च के पास पांच लोगों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया आरोपितों का पीड़ित से पुराना विवाद था, जिसका बदला लेने के लिए आरोपितों ने उस पर जानलेवा हमला किया। घटना के बाद से आरोपित फरार हैं छावनी पुलिस ने प्राथमिकी कर उनकी तलाश शुरू की है पुलिस ने बताया कि कैंप-1 निवासी पीड़ित एस गहू (30) पर उसी के मोहल्ले में रहने वाले आरोपित एस सुदर्शन, एम रवि उर्फ डिंपी, एन अजय, डी वनसी और एस अभिषेक ने चाकू से जानलेवा हमला किया रात को पीड़ित अपने घर जा रहा था पुलिस जांच में जुट गई है।

### फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भिलाई 19 जुलाई।** स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने अपनी पत्नी के साड़ी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए भेजा स्मृति नगर चौकी ने बताया कि आर्यनगर कोहका निवासी कमलेश कुमार देशमुख (53वर्ष) पेशे से ड्राइवर था। वह ज्वाइंट परिवार में रहता था घर में उसकी पत्नी, दो बेटे, बड़े भाई का परिवार और माता पिता रहते है रात 10 बजे वह घर पहुंचा उसने खाना खाया और फिर अपने कमरे में सोने चला गया सुबह 6 बजे परिवार वालों ने उसे जगाया तो वह नहीं जागा काफी आवाज देने के बाद जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो उन लोगों ने अंदर झांककर देखा कि वो फंदे से लटका हुआ है इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी सुसाइड नोट में शारीरिक तकलीफ की बताई वजह मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है उसमें उसने लिखा है कि वो खुद से आत्महत्या कर रहा है शारीरिक तकलीफ के चलते वो ऐसा कदम उठा रहा है इसके लिए उसके घर परिवार के लोगों को परेशान ना किया जाए पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई लगातार जारी

**भिलाई, 19 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत सड़क पर आवारा घुम रहे मवेशियों को पकड़ने का अभियान जारी है। सड़को एवं गली मोहल्लो में मवेशियो के बैठे रहने से होने वाले वाहन दुर्घटना को देखते हुए निगम द्वारा घड़पकड़ की जा रही है। मवेशियो के मालिको द्वारा अपने मवेशियो को खुला छोड़ देते है। जिससे मवेशी गली, मोहल्लो, सड़को पर कहीं भी जाकर बैठ जाते है या खड़े रहते है। आम नागरिक वाहन से सफर करते है, जिससे मवेशी उनके सामने आ जाते है और टकराकर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। आम नागरिक वाहन चलाते समय हार्न बजाने के बाद भी मवेशी उनके सामने से हटते नहीं है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार रोका छेका अभियान लगातार निगम भिलाई के सभी जोनों में जारी है।

## रिसाली निगम के रिहायशी क्षेत्र और रिक्त भूमि का होगा सर्वे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली 19 जुलाई।** रिसाली निगम का आधे से ज्यादा वार्ड स्लम क्षेत्र है। कितने क्षेत्रफल में आबादी है, इसका रिकॉर्ड भी नहीं है। जहां आबादी बसी है वह बी.एस.पी. क्षेत्राधिकार में है। नगर पालिक निगम स्लम क्षेत्र का जल्द ही सर्वे कर आबादी क्षेत्र और रिक्त भूमि का रिकॉर्ड तैयार करेगी। उक्त निर्णय महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में महापौर परिषद के सद्स्यों ने ली है। वर्तमान में बड़े प्रोजेक्ट के लिए रिसाली निगम के पास जमीन नहीं है। एम.आई.सी. के सदस्यों का कहना था कि जो जमीन हस्तांतरण में मिली है उसमें कितनी जमीन खाली है, इस बात की जानकारी नहीं है। बी.एस.पी. के खाली जमीन पर लगातार अतिक्रमण भी हो रहा है। परिषद के सदस्यों ने निर्णय लिया है कि निगम प्रशासन एक दल का गठन करे, जो वार्डवार आबादी और खाली जमीन की विस्तृत जानकारी तैयार करे। महापौर परिषद की बैठक में चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, चन्द्रप्रकाश सिंह, अनुप डे, सनीर साहू, सोनिया देवांगन,



परमेश्वर कुमार, डॉ. सीमा साहू उपस्थित थे। वर्षो से नेवई में अघोषित टेचिंग ग्राउंड को निगम प्रशासन ने समाप्त कर दिया है। ट्रेंचिंग ग्राउंड खत्म होने से मृत पशु को दफनाने की समस्या है। यही वजह है कि एनीमल इंसीनरेटर स्टाल करने रिसाली निगम ने राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेजने निर्णय लिया है। एनीमल इंसीनरेटर ऐसे स्थान में लगाया जाएगा जहां आबादी प्रभावित न हो। समस्त नगरीय निकाय में अटल चौक का निर्माण प्रस्तावित है। रिसाली निगम क्षेत्र में स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से मामला अधर में अटका था। महापौर परिषद के सदस्यों ने अटल चौक शारदा विद्यालय के सामने खाली जमीन पर बनाने निर्णय लिया। चैक लगभग 50 लाख से बनेगा। महापौर परिषद ने रिसाली निगम के पुरैना में बने अटल अवास को तोड़कर प्रधानमंत्री अवास योजना के तहत नए अवास बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। महापौर शशि सिन्हा ने सभी पाषर्दो से आवश्यकता अनुसार विकास के लिए सुझाव मांगे थे। सभी पाषर्दो ने वाटर ड्रेन निर्माण, सड़क चैड़ीकरण, पॉथवे निर्माण, भवन निर्माण के लिए सुझाव दिया था। परिषद ने सभी पार्षदों के प्रस्ताव को स्वीकृत कर शासन को भेजने का निर्णय लिया।

## सेल-बीएसपी ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर एक बार फिर रचा इतिहास

**भिलाई, 19 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 2 (एसएमएस-2) ने 18 जुलाई को एक बार फिर नया इतिहास रचा। एसएमएस-2 ने किसी भी कास्टर में एक ही सीक्वेंस में लगातार रेल स्टील की हीट कास्ट करने का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इस रिकॉर्ड के साथ ही एसएमएस-2 ने, जनवरी 2024 में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। 19 जून 2024 को शुरू हुए और 18 जुलाई 2024 को समाप्त हुए सिंगल सीक्वेंस में, टीम एसएमएस-2 ने 4-स्ट्रैंड ब्लूम कास्टर के माध्यम से रेल स्टील की लगातार 555 हीट कास्टिंग पूरी की गई। जो देश में ब्लूम कास्टर से दर्ज किया गया अब तक का सबसे लंबा सीक्वेंस है। इस उपलब्धि से एसएमएस-2 ने 315 हीट के अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जो जनवरी 2024 में बना था। 19 जून से 18 जुलाई तक की पूरी अवधि के दौरान जब कास्टर-5 निरंतर संचालन में था। संयंत्र के



एसएमएस-2 द्वारा स्थापित पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड, 7 जनवरी से 24 जनवरी 2024 के बीच एक ही सीक्वेंस में 315 हीट के कास्ट करने पर दर्ज किया गया था। एसएमएस-2 की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई देने हेतु निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के साथ कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एसएमएस-2 का दौरा किया।

## ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसो. के पदाधिकारियों ने सांसद बघेल से की सौजन्य भेंट

**भिलाई, 19 जुलाई।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यूनियन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू) के नेतृत्व में दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात कर बी एस पी में परिवहन कार्य सुचारू रूप से चलाने हेतु यूनियन द्वारा प्लांट प्रबंधन को दिए गए सुझावों को लागू कराने उनके सहयोग प्रदान करने के संबंध में निवेदन किया गया। परिवहन कार्य मे आने वाली समस्याओं को दूर करने यूनियन के समय समय पर प्लांट प्रबंधन को अपने महत्वपूर्ण सुझाव देती रहती है किंतु प्रबंधन द्वारा समस्याओं पर आवश्यक निर्णय नहीं लिया जाता है जिससे सरकार के राजस्व एवं परिवहनकर्ताओं का काफी नुकसान होता आ रहा है। सांसद विजय बघेल द्वारा उक्त विषय पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया गया । इस दौरान यूनियन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू), संरक्षक गनी खान, प्रभुनाथ मिश्रा,



महेंद्र सिंग (पप्पी), गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह, कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, दिलिप खटवानी, बलविंदर सिंग, सुनील चौधरी, शाहनवाज़ कुरैशी, लाला यादव, वाजिद अली, धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, जगजीत सिंह, सुनील यादव, लाला, राजदीप नामदेव, कृष्णा कुमार, पंकज शर्मा, उपेंद्र यादव, सोमेश्वर, गिरीश खंडेलवाल, संजय तिलांथे, शिव पूजन, धीरमण, अमित सिंग, अभिषेक जैन, सुधीर सोनू, रमन राव, आनंद सिंग, गुरमीत सिंग एवं एसोसिएशन के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रेमप्रकाश पांडेय ने विश्वविद्यालय में किया स्व. हेमचंद यादव के छायाचित्र का अनावरण

**भिलाई, 19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा कल्याण कालेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्व. हेमचंद यादव के छायाचित्र का अनावरण किया एवं राष्ट्रीय स्तर पर दुर्ग जिले का नाम रोशन करने वाले खेल प्रतिभाओं का भी सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान पाण्डेय ने भिलाई स्टील प्लांट और उसकी विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख किया। पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भिलाई स्टील प्लांट में दल्ली राजहरा के आयरन ओर को ले जाकर स्टील का उत्पादन किया जाता है, जिसका उपयोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। इसके साथ ही, भिलाई में शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य हो रहा है, जहां छात्रों की प्रतिभाओं को निखारा जाता है। भिलाई में



खेल और साक्षरता के क्षेत्र में भी विशेष योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जमाने में खेलकूद को कम महत्व दिया जाता था, लेकिन अब खेलकूद को बहुत ही महत्व दिया जा रहा है। आज के समय में प्रोफेशनल एथलीट्स को भी उतना ही महत्व दिया जाता है जितना कि शिक्षा को और प्रोफेशनल एथिक्स को समझना और उसे पालन करना बहुत आवश्यक है। पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय खोलने का उद्देश्य यह था कि छात्रों को सरलता और सहजता का महत्व समझाया जा सके। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छत्तीसगढ़ी संस्कृति और स्वभाव को बढ़ावा देना है। यहां के छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं के कारण देश और दुनिया में नाम कमा रहे हैं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय से जुड़े लोग और शिक्षक भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्तर पर दुर्ग जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भिलाई-चरोदा निगम ने किया जल मड़ई का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई-चरोदा 19 जुलाई।** दुर्ग कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप भिलाई चरोदा निगम प्रशासन द्वारा वार्ड-23 चरौदा हाउसिंग बोर्ड में बुधवार 17 जुलाई को जल मड़ई कार्यक्रम आयोजित किया गया। चरोदा हाईट्स कैंपस में आयोजित ÷जल मड़ई÷ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूषों ने अपनी सहभागिता प्रदान की। इस कार्यक्रम आयोजन का मूल उद्देश्य नारी शक्ति से जल शक्ति थीम पर काम करना है, जिसके अंतर्गत जल संचय और जल बचाव के उपाय किये जाते है। साथ ही वृक्षारोपण अभियान एवं स्वच्छता कार्य को भी इसमें शामिल किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल महापौर निर्मल कोसरे ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि जल मड़ई कार्यक्रम का आयोजन करना सराहनीय है। हम सभी को पानी के महत्व को समझने की आवश्यकता है। साथ ही कोसरे ने यह भी कहा कि यदि आज जल के संरक्षण के




लिए उपाय नहीं किये गये तो भविष्य में घटते भू-जलस्तर के कारण भयावह स्थिति निर्मित हो जायेगी। निगम कमिश्नर एम भार्गव प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर और ज्यादा कार्य करने की आवश्यकता है तथा इस विषय पर जागरूकता का प्रचार और प्रसार भी किया जाना चाहिये। भार्गव ने यह भी कहा कि वृक्ष लगाये और उन्हें संरक्षित रखने की जिम्मेदारी लें। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में जल प्रहरी और वाटर हीरो के नाम से प्रसिद्ध श्रद्धा सबूरी समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष नीरज वानखोडे ने जल मड़ई कार्यक्रम में उपस्थित जनों के समक्ष उनके और उनकी टीम द्वारा जल बचाव-जल संचय हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए जीवन में जल के महत्व पर प्रकाश डालने का कार्य किया। इसके बाद निगम महापौर कोसरे एवं कमिश्नर भार्गव सहित अन्य गणमान्य जनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चरोदा से मुक्ति पारधी, भारती साहू, जगरानी सुवर्णा, अरूणा, जनकराज मीना, सी.एच. राव, हसीम खान, सी.एव.लक्ष्मी, वाई तुलसी, प्रेमबाई मीना, संगीता प्रजापति, एन.के सिंह, तेजेश्वर रिंगरी, सुनीति वर्मा, चित्रलेखा, इंदु देवांगन, बुधारा निषाद, लालपरी देवी, किरण महतो, रेखा साहू, जयश्री, उर्मिला देवी, रूपा, मौना बागडे, सरिता पटेल, मानसी भारद्वाज, वाई.टी. सुवर्णा, आरती, रेखा साहू मौजूद रहे। महापौर परिषद सदस्य श्रीमती संतोषी निषाद, श्रीमती दिप्ती आशिष वर्मा, ईश्वर साहू, एस. वेकंट रमना, वार्ड 23 के पार्षद टेनेन्द्र ठाकरे, शिक्षित नगर चरोदा के पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा सहित पूर्व पार्षद आशीष् वर्मा कार्यक्रम में शामिल रहे। वही निगम की ओर से कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उपअभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उपअभियंता वैभव त्यागी, उपअभियंता मुकेश चंद्राकर के साथ सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर, सहायक ग्रेड-3 यशवंत ठाकुर, सहायक ग्रेड-3 सुरेश नासरे, टाईम कीपर श्यामता साहू, नारद वर्मा, राकेश जोशी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शहीद जवान की अंतिम यात्रा में हुए शामिल



**कवर्धा 19 जुलाई।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शहीद जवान श्री भरत लाल साहू के निवास रायपुर के सड्डू पहुँचकर उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका यह बलिदान समाज की सेवा में हुआ है और इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि शहीद जवान के परिवार के प्रति सरकार और समाज की पूरी संवेदनाएं हैं और उनकी हर संभव सहायता की जाएगी। श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा, ÷सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद भरत लाल साहू की अंतिम यात्रा में हम सब साथ थे। मेरे साथ आदरणीय मंत्री टंकराम जी और आदरणीय विधायक मोतीलाल साहू जी सभी साथ थे और सारी जनता साथ थी। शहीद जवान के बलिदान पर उनके अमर होने के नारे लगे।÷ उपमुख्यमंत्री शर्मा ने नक्सलवाद के खिलाफ जनता में बढ़ते आक्रोश का जिक्र करते हुए कहा, ÷नक्सलवाद के खिलाफ अब जनता का आक्रोश चरम पर है। समाज के मन में क्रोध और पीड़ा है और वे नक्सलवाद को बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं। नक्सलियों का समर्थन करने वालों के प्रति भी समाज में आक्रोश है।÷आज सुबह चौथी बटालियन माना पहुंचकर मुख्यमंत्री श विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शहीद जवान श्री भरत लाल साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले के तर्रेम क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में एसटीएफ के 2 जवान शहीद और 4 जवान घायल हो गए थे। घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोपली में बाल कैबिनेट का गठन किया गया



**उतई 19 जुलाई।** बाल कैबिनेट का गठन इस बार प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली के तहत शालानायक और उप शालानायक का चुनाव कराया गया । इस चुनाव प्रक्रिया में शालानायक पद पर चार तथा उप शालानायक पद पर दो प्रत्याशियों ने भाग लिया । चुनाव संपन्न होने उपरांत विजय प्रत्याशी के नाम की घोषणा संस्था प्रमुख द्वारा किया गया। बाकी बचे पदो पर सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया ।जिसमें बाल कैबिनेट की रूपरेखा कुछ इस प्रकार है शाला नायक निर्वाचित कुणाल कुर्मी उप शालानायक निर्वाचित तृषा चंद्राकर मनोनीत पदों पर शिक्षा मंत्री कुमारी पायल ,भूमित कुमार, जल एवं स्वच्छता मंत्री ओमश्री यादव, डाकेश साहू, स्वास्थ्य मंत्री नीलिमा ,कुमारी लिसा साहू ,खेल मंत्री दुलेश्वरी साहू ,तुषार यादव सांस्कृतिक मंत्री गौरी गेंडरे, आंचल ,पर्यावरण मंत्री विराज और टीकम साहू बाल कैबिनेट में शामिल हुए ।इस बीच संस्था के प्रमुख हरिश्चंद्र देवांगन ,संकुल समन्वयक इंद्रेश बंजारे ,लोकेश साहू निधि गेडाम ,मनीष साहू भूनेश्वरी देवांगन ,रमती पाटिल, रानू यादव उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं पुरुस्कार वितरण समारोह




**उतई 19 जुलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मेधावी विधार्थियो को बधाई देते हुए शुभकामनायें दी, चंद्राकर ने कहा की बच्चों ने कड़ी मेहनत कर जो मुकाम पाया है उसे आगे बनाए रखे उन्होंने कहा कि लगन, एकाग्रता व लक्ष्य सफलता की कुंजी है कठिन परिश्रम से ही आगे बढ़ते हुए मंजिल मिलती है,चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा व खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना हमारा मुख्य उद्देश्य है द्य सरकार जनता के प्रतिबध हैं विकास व बदलाव हेतु जनता का सहयोग की अपेक्षित है, विद्यार्थियों खिलाड़ियों को कोई भी सरकार हो तो हमेशा उनके साथ हैं, चंद्राकर जी ने कहा की विद्यार्थी अपना लक्ष्य आगे रखकर पढ़ाई करें वह मंजिल प्राप्त करें 7 इस अवसर पर सांसद विजय बघेल,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा, संचालक क्रीड़ा विभाग डॉ. दिनेश नामदेव, कुलसचिव श्री भूपेन्द्र कुलदीप, समन्वयक एन. एस. एस. डॉ. आर.पी. अग्रवाल एवं प्रतिभावान छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे ।

# शहरी आजीविका मिशन में अच्छे कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिले पांच राष्ट्रीय पुरस्कार



**रायपुर. 19 जुलाई।** भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए आज नई दिल्ली में प्रदान किए गए 'स्पार्क' पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। राज्य को इसमें विभिन्न श्रेणियों में पांच पुरस्कार मिले। प्रदेश के तीन शहरों को अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार, एक नगरीय निकाय को द्वितीय पुरस्कार और राज्य स्तरीय पुरस्कारों में छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में ये पुरस्कार वितरित किए। छत्तीसगढ़ से गए 20 अधिकारियों और लाभार्थियों की टीम ने अपने-अपने निकायों की ओर से ये पुरस्कार ग्रहण किए।

दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) में उत्कृष्ट कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित 'स्पार्क 2023-24' पुरस्कारों के अंतर्गत दस लाख तक जनसंख्या श्रेणी में बिलासपुर नगर निगम को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं तीन लाख तक जनसंख्या श्रेणी में रायगढ़ नगर निगम को और एक लाख तक जनसंख्या श्रेणी में भाटापारा नगर पालिका को पूरे देश में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। चांपा नगर पालिका को 50 हजार तक जनसंख्या श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में श्रेष्ठ कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को पूरे देश में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम के साथ ही प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने भी सूडा और पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन महिलाओं एवं युवाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध मिशन है। छत्तीसगढ़ इस मिशन में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है। शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में अच्छे कार्यों को रेखांकित करने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के नामांकित लाभार्थी जशपुर नगर पालिका के श्री सुमित किस्कु और लोरमी नगर पंचायत के श्री कुशाल राम साहू भी शामिल हुए। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के लाभार्थी के रूप में नामांकित जगदलपुर नगर निगम की हैप्पी महिला स्वसहायता समूह की श्रीमती मृदुला जैन, भिलाई नगर निगम की राधा रानी स्वसहायता समूह की श्रीमती चित्ररेखा साहू, सिटी मिशन प्रबंधक सुश्री एकता शर्मा और श्री संत कुमार महतो ने भी छत्तीसगढ़ की ओर से समारोह में सहभागिता दी।

## एक नजर

### टोल टैक्स फ्री की मांग को लेकर एनएच 53 में किया गया चक्काजाम

**सरायपाली 19 जुलाई।** महासमुंद जिले में आज टोल टैक्स फ्री की मांग को लेकर सैकड़ो लोगो ने छुईपाली टोल प्लाजा के पास चक्का जाम किया 11 जुलाई से आंदोलनकारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे हैं। आंदोलन प्रमुख संजय चौधरी द्वारा 15 जुलाई से आमरण अनशन भूख हड़ताल करने के बाद भी टोल प्रबंधन की तरफ से कोई आश्वासन नहीं मिलने के कारण आज सैकड़ो लोगों ने चक्काजाम किया।लगभग 25 से 30 मिनट तक नेशनल हाईवे पर छुईपाली टोल प्लाजा के पास चक्का जाम किया गया। वहीं आंदोलनकरियो के समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने 2 दिन का समय माँगा है। 2 दिन के भीतर मांग पर विचार किया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद आंदोलनकारी चक्का जाम से उठे. वहीं अनशन पर बैठे लोगों ने कहा की 2 दिन का समय प्रसाशन ने माँगा है। लेकिन मांग जब तक पूरी नहीं हो जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। महासमुंद जिले के अंतर्गत 2 टोल गेट आते हैं पहला टोल गेट झलप के पास और दूसरा टोल गेट सिंघनपुर के पास हैं,जिलेवासियो की मांग है की स्थानीय गाड़ियों का टोल माफ़ हो,यानी की महासमुंद जिले की छ्त्ल 06 की गाड़ियों का टोल फ्री करने की मांग की जा रही है।

### भारती एयरटेल फाउंडेशन ने छात्रवृत्ति प्रोग्राम लॉन्च किया

**रायपुर 19 जुलाई।** भारती एंटरप्राइजेज की परोपकारी शाखा, भारती एयरटेल फाउंडेशन अपने 25 साल पूरे होने के उपलक्ष में, भारती एयरटेल छात्रवृत्ति प्रोग्राम लांच कर रही है। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम विद्यार्थियों की योग्यता और उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि दोनों को ध्यान में रखते हुए, आईआईटी सहित 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' (एनआईआरएफ) के मानकों के अनुसार शीर्ष स्तरीय रैंकिंग प्राप्त 50 (इंजीनियरिंग) कॉलेजों में, प्रौद्योगिकी आधारित इंजीनियरिंग के स्नातक स्तरीय और एकीकृत कार्यक्रमों (5 वर्ष तक) में भागीदारी करने वाली में लड़कियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के योग्य विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। यह अगस्त 2024 में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों पर लागू होगा। इस वर्ष 250 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के साथ से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम को, विद्यार्थियों के ऐसे प्रत्येक समूह में इसका सफल कार्यान्वयन होने पर भविष्य में इससे लाभान्वित होने वाले विद्यार्थियों की संख्या को धीरे-धीरे बढ़ाने का उद्देश्य रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। कार्यक्रम के चरम पर पहुंचने पर प्रति वर्ष ?100+ करोड़ के परिव्यय के साथ इसके माध्यम से 4,000 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### कुलपति चंदेल ने प्रगतिशील कृषकों को हल्दी की उन्नत किस्मों के पौधे वितरित किये

**रायपुर, 19 जुलाई।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने आज यहां कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (दुर्ग) द्वारा तैयार हल्दी की उन्नत किस्मों के पौधे प्रगतिशील किसानों को प्रदान किये। ये पौधे सुपारी एवं मसाला निदेशालय कालीकट, केरल द्वारा कृषि विश्वविद्यालय में संचालित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत विकसित किये गये हैं। इस परियोजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा द्वारा हल्दी की उन्नत किस्मों के एक लाख पौधे तैयार कर किसानों को वितरित किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सुपारी एवं मसाला निदेशालय कालीकट, केरल द्वारा विभिन्न मसाला फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकी तथा नवीन प्रजातियों के प्रचार-प्रसार हेतु किसानों के खेतों में फसल प्रदर्शन हेतु तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में आज यहां हल्दी की उन्नत किस्मों के पौधों के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. एस.एस. टुटेजा, सगंध, मसाला एवं औषधीय फसलों के टीम लीडर डॉ. पी.के. जोशी, कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन, सगंध, मसाला एवं औषधीय फसल अनुसंधान परियोजना के प्रभारी डॉ. येमन कुमार देवांगन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. कमल नारायण वर्मा सहित अनेक प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

### सुमिन कमार को प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना से मिला खुद का पक्का घर

**महासमुंद 19 जुलाई।** खुद के पक्के घर में निश्चिंत होकर कौन नहीं रहना चाहता। यह सभी का एक बड़ा सपना होता है, जिसे पूरा करने के लिये हर व्यक्ति जी जान से मेहनत करता है। सुमिन कमार भी पक्के घर का सपना दिल में लिए जी रही थी। महासमुंद जिले की पिथौरा जनपद पंचायत के सोनसिल्ली गांव की सुमिन कमार ने बताया कि ग्राम पंचायत पिथौरा द्वारा उसे बताया गया कि 2023-24 में उसका नाम प्रधानमंत्री जन-मन योजना की आवास चयन सूची में आ गया है। योजना के तहत उसे तीन किस्तों में काम के आधार पर धनराशि सीधे उसके बैंक खाते में दी गई, साथ ही उन्हें मनरेगा योजना के तहत कुशल मजदूरी का भुगतान भी किया गया और अब उसे प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना से खुद का पक्का घर मिल गया है। पक्का घर पाकर वे बेहद प्रसन्न हैं। इस योजना ने पक्के घर में रहने का उनका बरसों पुराना सपना साकार कर दिया है। सुमिन कमार बताती है कि वे बेहद गरीब परिवार से हैं और सालों से कच्चे मकान में रहती थी। कच्चे मकान में रहने पर बारिश में उन्हें बड़ी परेशानी होती थी। बारिश की वजह से उसका घर-गृहस्थी का सामान भीगकर खराब हो जाता था। हर साल बारिश से पहले घर की मरम्मत में बहुत पैसा खर्च हो जाता था। वह मजदूरी करके अपना भरण-पोषण करती थी। गरीबी के कारण वह अपना पक्का मकान नहीं बना पा रही थी। सुमिन कमार ने बताया कि प्रधानमंत्री जन-मन योजना से उसका पक्का घर बन गया है और अब वह इसमें रहने भी लगी हैं। वे यह भी बताती है कि वे छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्व सहायता समूह में जुडी हुई है साथ ही पति श्री घासीराम कमार के साथ मिलकर बांस से बने हस्तशिल्प बनाकर उन्हें विक्रय करती हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी होती है। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय का निर्माण भी कराया है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया है।

# महापौर परिषद ने विकास कार्यों को दी स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 जुलाई।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को लाभ देने एवं डी.एम.एफ. मद से एकेडमी कैम्पस में अन्य कार्य कराये जाने के अलावा सफाई ठेका के लिये आहुत निविदा में दर स्वीकृति के लिये निगम अधिनियम के तहत पुर्न विचार हेतु आये प्रकरण की दी गयी स्वीकृति की पुष्टि की गयी तथा गणेश पर्व आयोजन के संबंध में प्रक्रिया करने स्वीकृति प्रदान की गयी। महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही गौरव पथ में डीएमएफ मद से निर्माणाधीन एकेडमी कैम्पस मे अन्य कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। इसके अलावा ठेका वार्डो में इस वित्तीय वर्ष के लिये आहुत निविदा में प्राप्त न्युनतम दर की स्वीकृति के प्रकरण में निविदा निरस्तीकरण के प्रस्ताव पर छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम (मेयर-इन-काउंसिल/प्रेसीडेन्ट इन काउंसिल के कामकाज संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तिया एवं कर्तव्य) अधिनियम 1998 नियम 12 उप नियम 3 अनुसार वार्डो में सफाई ठेका हेतु आमंत्रित निविदा में प्राप्त न्युनतम दर की पुर्नविचार हेतु प्रस्तुत प्रकरण पर दी गयी स्वीकृति की पुष्टि की गयी तथा गत वर्ष के गणेश पर्व प्रतियोगिता के पुरूस्कारों की स्वीकृति व इस वर्ष प्रतियोगिता आयोजित करने प्रक्रिया करने की स्वीकृति के साथ साथ अन्य विषयो की स्वीकृति दी गयी। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, विनय झा, भागचंद साहू,,श्रीमती दुलारी बाई साहू,गणेश पवार, राजा तिवारी, राजेश गुप्ता चंपू,श्रीमती बैनाबाई टुरहाटे, आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल, समाज कल्याण अधिकारी श्री भूपेन्द्र वाडेकर, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता सुश्री पिंकी खाती,सहायक लेखा अधिकारी श्री राकेश नंदे, स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, लेखापाल श्री शैलेष पाण्डे व श्री पंकज साहू, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### बिजली विभाग की लापरवाही, जर्जर हो चुका ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए बना खतरा



**नगरी 19 जुलाई।** संवेदनशील ग्राम पंचायत मेचका का आश्रित ग्राम खालगढ़ में बिजली विभाग की लापरवाही व अनदेखी से जर्जर ट्रांसफार्मर खुलेआम मौत को आमंत्रण दे रहा है, यह ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए खतरा बना हुआ है। अगर इसे नहीं सुधारा गया तो जान-माल की छति होने की पूरी संभावना है, विगत दिनों एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत ग्राम खालगढ़ पहुँची जनपद पंचायत नगरी की अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम के समक्ष ग्रामवासियों ने प्राथमिक शाला के पास जर्जर और खुले ट्रांसफार्मर के पास ले जाकर दिखाया और तत्काल सुधरवाने का निवेदन किया। ग्रामवासियों ने बताया कि पास में ही प्राथमिक शाला है, बच्चे आसपास खेलते रहते हैं अनहोनी हो सकती है। साथ ही राह चलते लोगों के लिए भी यह खुला ट्रांसफार्मर खतरा हो सकता है। ग्राम पंचायत मेचका की सरपंच विमला धुर्वा, परमात्मा कुंजाम, वोषित पटेल, दीपक एवं ग्रामवासियों ने शीघ्र ही व्यवस्था बनाने की मांग की है।

### शक्ति वाहिनी की महिला बहनों ने किया वृहद पौधारोपण



**राजनांदगांव 19 जुलाई।** आज शक्ति वाहिनी द्वारा रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर में वृक्षारोपण किया गया जिसमें आम ,आंवला, करंज, बेल गुलमोहर, अमरूद, जामुन एवं अन्य फलदार एवं छायादार लगभग 50 पौधे लगाए गए । आज के वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक आदरणीय विनोद खांडेकर जी उनके साथ सम्मानीय सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, सम्मानीय संतु राव जी , सम्मानीय प्रिंस कक्कड़ जी एवं शक्ति वाहिनी की सदस्यों मे प्रमुख रूप से वैशाली देशकर ज्योति बड़वाईक नमिता चौबे, सविता साहू, सीमा मिश्रा,अंजू चौधरी ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, रीना रगड़े, सुनीता बघेल, ,निर्मला त्रिपाठी ,मीना यादव ,गीता मानिकपुरी , शारदा भोंडे, सपना , रिया साहू, पूजा ऊजवने, रमा त्रिपाठी,श्वेता बनौदे सहित बड़ी संख्या में महिला बहने ऊपस्थित हुई।

### पौधारोपण कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल



**राजनांदगांव 18 जुलाई।** 17 जुलाई 2024 को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केन्द्र, सभी थाना, चौकी एवं बैस कैम्प में अभियान चलाकर वृक्षारोण करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में राजनांदगांव पुलिस द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम में माननीय डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं माननीय सांसद श्री संतोष पाण्डेय संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुश्री सुरूचि सिंह, बी.जे.पी. अध्यक्ष श्री रमेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक, रक्षित निरीक्षक श्री अरविंद कुमार साहू, रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर द्वारा वृष्क्षारोपण किया गया। इसी प्रकार जिले से समस्त थाना/चौकी/कैंप में भी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगभग 3000 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया।

### ग्राम टेड़ेसरा में किया गया पौधरोपण

**राजनांदगांव 19 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिला प्रशासन द्वारा मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनसहभागिता से वृक्षारोपण महाभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा स्थित सिंपलेक्स इंजीनियरिंग एण्ड फाऊंडरी वर्क्स द्वारा इकाई के सामने सड़क किनारे पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित होकर पौधरोपण किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मिशन जल रक्षा अंतर्गत जनसहभागिता से चलाए जा रहे वृक्षारोपण महाभियान को मिल रहे सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने अधिक से अधिक पोधरोपण कर ग्राम टेड़ेसरा को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करने की अपील की। इस अवसर पर संस्था के कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने भी पौधरोपण किया।

# कर्णेश्वरधाम में सावन महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 19 जुलाई।** 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास प्रारंभ हो रहा है।जिसकी व्यापक तैयारी में कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट जुटा हुआ है।इस बार सावन महीने में पांच सोमवार पड़ रहा है।कर्णेश्वर मन्दिर ट्रस्ट द्वारा प्रत्येक सोमवार को प्रसादी वितरण व सावन के अंतिम सोमवार को महारुद्राभिषेक किया जाएगा।ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि सावन महीने में मन्दिर को आकर्षक रूप से सजाने रंग बिरंगी आधुनिक लाइट व्यवस्था की जा रही है दूर दूर से आने वालों कांवरियो के लिये सावन के अंतिम दिवस भजन संध्या का आयोजन होगा ,सावन महीने में कर्णेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है दूर दूर से शिव भक्त कांवरियों का जत्था महानदी व बालका नदी के संगम स्थल सहित महानदी के उदगम स्थल गणेश धाट से जल लेकर कर्णेश्वर महादेव का जलाभिषेक पूजा अर्चना कर अपने गंतव्य को रवाना होते है।जिसकी तैयारी के लिये ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को आहूत की गई जिसमे श्रद्धालुओं के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनेक निर्णय लिया गया।मन्दिर के प्रमुख पुजारी के रूप में विनोद गिरी गोस्वामी को कार्यभार सौंपा गया।दानदाताओ के सहयोग से विभिन्न निर्माण कार्य होना है जिसे सर्व सम्मति से प्रस्तावित कर निर्माण कार्य सावन मास उपरांत कराने का निर्णय लिया गया।मन्दिर परिसर को भव्यता प्रदान करने में संकल्पित अरुण सार्वा का सम्मान किया गया।बैठक के अंत मे ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर की धर्म पत्नी कल्पना ठाकुर के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रधांजलि अर्पित की गई।इस दौरान संरक्षक कैलाश पवार,अध्यक्ष विकल गुप्ता ,प्रकाश बेश,सचिव ललित शर्मा, कोशाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सह सचिव रामभरोस साहू,कलम सिंह पवार,आनंद अवस्थी,नागेंद्र शुक्ला,रवि दुबे,गगन नाहटा,छबि ठाकुर,मोहन पुजारी, अमर सिंह पटेल,भरत निर्मलकर, रवि भट्ट,हनी कशयप,सचिन भंसाली, मोहन पुजारी महेंद्र कौशल,मनोहर मानिक पूरी, योगेश साहू,उत्तम साहू,राम लाल नेताम,राम गोपाल साहू ,ललितनिर्मलकर, ,मिलेश साहू,ईश्वर जांगड़े,नन्द यादव,खम्मन अदील,अनिरुद्ध साहू,अकबर कशयप,पूनारद जांगड़े,टेश्वर ध्रुव,पेमन स्वर्णबेर, दुर्गेश साहू,राकेश चौबे,भानु साहू ह्दय साहू,डोमार मिश्रा,आदि की उपस्थिति रही।



### किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र ने दी आवश्यक समसामयिक सलाह

**राजनांदगांव 19 जुलाई।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कृषि मौसम विज्ञान विभाग में ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना अंतर्गत कृषि मौसम सलाह सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रमुखों द्वारा वर्षा की वर्तमान स्थिति एवं पूर्वानुमान के आधार पर कृषि कार्य हेतु कृषि सलाह एवं आकस्मिक कार्य योजना बनायी गई। किसान कृषि सलाह एवं आकस्मिक कार्य योजना का उपयोग कर कृषि कार्य कर सकते है तथा वर्षा की कमी होने पर होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि वर्तमान स्थिति में छत्तीसगढ़ के मैदानी भाग के जिलों में वर्षा की कमी की परिस्थिति हेतु आकस्मिक कार्य योजना प्रस्तुत की गई। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि जिन खेतों में रोपा नहीं लगाया गया है, वहां वर्तमान स्थिति में धान की कतार बुवाई करें एवं कम व मध्यम अवधि (120-130 दिनों) की धान की किस्में जैसे- विक्रम-टीसीआर, महामाया, एमटीयू-1010 इत्यादि का उपयोग करें। बीज दर सामान्य से 15-20 प्रतिशत अधिक रखें। उच्च भूमि क्षेत्र में धान की जगह मूंग, उड़द, मक्का, तिल एवं अरहर की बुवाई करें। मूंग हेतु शिखा, विराट, पीकेवीएकेएम-4 एवं उड़द हेतु इंदिरा उड़द-1, एनयूएल-7, आईपीयू 11-02, आईपीयू 10-26, आईपीयू 31-01, आईपीयू17-01, टीजेयू-130 इत्यादि किस्मों का चयन करें। जिन खेतों में धान की रोपाई हो चुकी है, वहीं 15-20 दिनों बाद की जाने वाली यूरिया की टॉप ड्रेसिग अभी नहीं करें या विलम्ब से करें।

# सामुदायिक भवन विस्तार का महापौर ने किया लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 जुलाई।** नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 16 के ठा.प्यारेलाल चौक स्थित हनुमान मंदिर के सामुदायिक भवन में महापौर निधि अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से भवन विस्तार किया गया है। जिसका महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में वार्डवासियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर, फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, विनय झा, भागचंद साहू,,श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, राजेश गुप्ता चंपू,वार्ड पार्षद श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,पार्षद श्री शरद पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि वार्डवासियों की मांग पर हनुमान मंदिर के सामुदायिक भवन में भवन विस्तार के लिये महापौर निधि से राशि स्वीकृत की गयी, जिससे भवन बना, जिसका आज लोकार्पण किया जा रहा है। भवन विस्तार हो जाने से अब आयोजन में सुविधा होगी। पूर्व में छोटे भवन के कारण धार्मिक व अन्य आयोजन के लिये भवन छोटा पडता था, भवन विस्तार होने से अब गरिमामय आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के विकास कार्य आवश्यकता अनुसार वार्ड में कराये जायेगे। कार्यक्रम के पूर्व में मंदिर के प. ऋषि तिवारी तथा वार्ड के मनीष मानिकपुरी, अजय सिन्हा, प्रकाश हरिहारनो, चिंकी श्रीवास्तव ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने भगवान भोलेनाथ एवं बजरंगबली की पूजा अर्चनाकर भवन का विधिवत लोकापर्ण किया। इस अवसर पर उप अभियंता श्री दीपक महला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत 26 हजार 928 आवास पूर्ण

# राजनांदगांव जिला आवास निर्माण में प्रदेश में प्रथम




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 जुलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राजनांदगांव जिला प्रदेश में आवास निर्माण पूर्ण करने में प्रथम स्थान पर है। योजनांतर्गत ग्रामीण अंचलों में पात्र गरीब एवं आवासविहीन परिवारों को पक्का मकान मिल रहा है। शासन द्वारा जिले को वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कुल 27 हजार 442 आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। जिसमें से 26 हजार 928 आवासों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इस प्रकार 98.10 प्रतिशत आवास निर्माण के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत शेष बचे 514 आवासों निर्माण को हितग्राहियों से संपर्क कर शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही हितग्राहियों को निर्माणाधीन आवास को शीघ्र पूर्ण कर राशि प्राप्त करने कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत जिले में शेष बचे 514 आवास निर्माण को पूरा करने के लिए हितग्राहियों की सहभागिता बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने हितग्राहियों से अपने आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं योजना अंतर्गत चार किस्तों में प्राप्त होने वाली कुल 1 लाख 30 हजार रूपए तथा 95 मानव दिवस की मजदूरी राशि मनरेगा से प्राप्त करने कहा है।

### एयरटेल ग्राहक बिना किसी बाधा के 5जी डेटा का आनंद लें

**रायपुर 19 जुलाई।** जो ग्राहक अनलिमिटेड 5जी लाभ नहीं ले पा रहे हैं, उनके लिए एयरटेल ने नए बूस्टर पैक लॉन्च किए हैं। अब 1जीबी/दिन और 1.5जीबी/दिन प्लान वाले ग्राहक अनलिमिटेड 5जी प्लान में अपग्रेड कर सकते हैं। यह किफायती अपग्रेड मौजूदा डेटा पैक पर एक्टिवेट किए जा सकते हैं, जिससे ग्राहक अनलिमिटेड 5जी डेटा का आनंद ले सकते हैं। इन अपग्रेड प्लान्स के साथ ग्राहकों को अनलिमिटेड 5जी डेटा के अलावा 3जीबी, 6जीबी और 9जीबी अतिरिक्त डेटा भी मिलेगा, जो क्रमशः ?51, ?101 और ?151 में उनकी वर्तमान प्लान की वैधता के साथ उपलब्ध होगा।

संपादकीय

## नीट पर नजर

मेडिकल प्रवेश परीक्षा अर्थात नीट-यूजी के मामले को सुलझाने की सर्वोच्च न्यायालय की कवायद की जितनी सराहना की जाए, कम होगी। कम से कम चालीस याचिकाओं की सुनवाई न्यायालय कर रहा है और ज्यादातर याचिकाओं में नीट परीक्षा को फिर से कराने की मांग शामिल है। इस मांग पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा है कि परीक्षा दोबारा आयोजित करने के संबंध में किसी भी आदेश का ठोस आधार होना चाहिए। पूरी परीक्षा फिर से कराने से पहले यह देखना जरूरी है कि जो गड़बड़ी हुई है, उससे पूरी परीक्षा प्रभावित हुई है या नहीं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने परीक्षा के बारे में उचित ही कहा है कि इस परीक्षा के सामाजिक प्रभाव हैं। मतलब, इसके बारे में कोई भी फैसला आसान नहीं है। गौर करने की बात है कि पिछली बार जब दोबारा परीक्षा हुई थी, तो उसमें ज्यादातर विद्यार्थियों ने भाग नहीं लिया था, इन विद्यार्थियों का मानना है कि वह एक ही परीक्षा को दो बार क्यों दें, उनका चयन हो चुका है, उन्हें किसी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दिया जाए। एक दूसरा पक्ष यह मानता है कि संदिग्ध विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिलना चाहिए और परीक्षा में चूंकि बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है, इसलिए वापस से पूरी परीक्षा यथोचित है। प्रधान न्यायाधीश ने साफ तौर पर इशारा कर दिया है कि जो लोग वापस परीक्षा चाहते हैं, वे पहले हुई परीक्षा को गलत साबित कर दें। यहां अड़चन यह है कि परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी एनटीए अभी भी कोई गलती नहीं मान रही है। उसके मुताबिक, परीक्षा पूरी तरह से चाक-चौबंद हुई है। गौर करने की बात है कि पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है और देश भर में जगह-जगह से आरोपियों के धर-पकड़ की खबरें भी लगातार आ रही हैं। बिहार, गुजरात, झारखंड में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है और दूसरे राज्यों के भी लोग इस कदाचार में शामिल बताए जा रहे हैं। सीबीआई को दरअसल, पूरी तेजी के साथ दूध का दूध और पानी का पानी करना है। किसी भी परीक्षा के संबंध में जांच को बहुत लंबा नहीं खींचा जा सकता, क्योंकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल है और भावी चिकित्सकों का भी सवाल है, जिसका असर सीधे देश की चिकित्सा व्यवस्था पर पड़ सकता है। जो भी फैसला हो, वह न्यायपरक और जल्दी हो। अभी तक जो संकेत मिलते हैं, उनके आधार पर यह तो कहा ही जा सकता है कि यह मामला बहुत व्यापक है। इसमें पेपरलीक की गुंजाइश है, फर्जी परीक्षार्थियों के बैठने की आशंका है, कुछ परीक्षा केंद्रों पर पक्षपात भी किया गया है, मनमाने ढंग से ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं, परिणाम को जान-बूझकर समय से पहले 4 जून को तब जारी किया गया है, जब देश का ध्यान आम चुनाव के परिणामों पर टिका हुआ था। मतलब, एक साथ अनेक आरोप लग रहे हैं, जबकि अफसोस, परीक्षा लेने वाली एजेंसी अभी भी किसी गड़बड़ी को स्वीकार नहीं कर रही है। ऐसे में, एक ही रास्ता बचता है कि सर्वोच्च न्यायालय सीबीआई को जल्दी जांच पूरी करने और दोषियों तक पहुंचने के लिए बाध्य करे। न्यायालय को इतना संदेह तो हो ही गया है कि इस परीक्षा में गड़बड़ी करके पैसे कमाए गए हैं। ऐसे में, पैसे कमाने वालों तक जल्द से जल्द पहुंचना सीबीआई का दायित्व है। यह मामला मिसाल बनना चाहिए, ताकि फिर किसी परीक्षा के साथ खिलवाड़ न हो।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा अर्थात नीट-यूजी के मामले को सुलझाने की सर्वोच्च न्यायालय की कवायद की जितनी सराहना की जाए, कम होगी। कम से कम चालीस याचिकाओं की सुनवाई न्यायालय कर रहा है और ज्यादातर याचिकाओं ...

अपना विचार

# छद्म एवं पाखण्डी बाबाओं से मुक्ति की सार्थक पहल

ललित गर्ग



भारतीय हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) की ओर से चौदह महामण्डलेश्वरों और संतों के निष्कासन की ताजा कारर्वाई पाखण्डी एवं छद्म बाबाओं से समाज को मुक्त करने का सराहनीय कदम है। अखाड़ा परिषद की गोपनीय जांच में अखाड़ों से जुड़े ये संत धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन एवं अधार्मिक कार्यों में लिप्त पाए गए। ऐसे ही अन्य बाबाओं पर व्यभिचार, दुष्कर्म, जादू-टोटके व दूसरे अनैतिक कार्यों के भी आरोप लगते रहे हैं। इनके अलावा सौ से अधिक संतों को अखाड़ा परिषद ने नोटिस भी दिया है। निष्कासित किए गए संतों को अगले साल होने वाले कुंभ में भी प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़ा परिषद की ताजा कारर्वाई इस तरह के कथित धमर्गुरुओं पर लगाम लगाने की प्रभावी कोशिश मानी जाएगी। इस तरह के प्रयास हर स्तर पर होने चाहिए, ताकि छद्म एवं पाखण्डी धमर्गुरुओं से समाज को मुक्ति मिल सके। आम लोगों में भी विवेक का जागरण जरूरी है, ताकि धर्म को विकृत करने वाली ऐसी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके।

अखाड़ा परिषद ने कुल चौदह ढोंगी संतों की एक सूची मीडिया में जारी की है। सूची में जेल की हवा खा रहे बाबा रामपाल, गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां, आसाराम, नारायण साईं व असीमानंद के अलावा निर्मल बाबा, राधे मां और कई ऐसे इच्छाधारी बाबा शामिल हैं, जो पिछले कुछ सालों में अपनी करनी के चलते विवादों में रहे हैं। गोलगप्पा खिलाकर लोगों की हर समस्या का समाधान करने वाले निर्मल बाबा जैसे ढोंगियों के झांसे में लोग कैसे खिंचे चले आते हैं, इस पर भी अखाड़े की ओर से कई चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं। उनका मानना है कि राधे मां और निर्मल बाबा जादू-टोटके से लोगों को अपनी ओर खींचते हैं। बाबाओं की कारस्तानियों ने सबको सकते में डाल रखा है। महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करना इन बाबाओं की दिनचर्याओं में शामिल था। लाज-शर्म की वजह से कुछ महिलाएं नहीं बोलती थीं, उन्हीं का ये बाबा फायदा उठाते थे। इन बढ़ती त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों के खिलाफ अब पूरा अखाड़ा परिषद मुखर हो उठा है। जरूरत है ऐसे ही अन्य शीर्ष धर्म संगठनों के सक्रिय होकर कठोर अनुशासनात्मक कायर्वाई करने की।

फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं के मामले में भोले-भाले एवं अशिक्षित लोगों के जीवन के साथ जो खिलवाड़ हुआ है और जिन बाबाओं ने ये कुकर्म किया है, उन्हें ढूंढकर दंड देना ही चाहिए। फर्जी एवं पाखण्डी बाबाओं की परंपरा सदैव से दुष्टों के हाथ में रही है। इसका आरंभ किया था महाभारत में शकुनि ने। हमारे समाज एवं राष्ट्र ऐसे बहुत सारे बाबा रूपी शकुनि हैं, जिन्हें हम समय पर पहचान नहीं पाते हैं। कौरवों और पांडवों के बीच जब जुए का खेल हुआ, तो शर्त यही थी कि पांसे शकुनि चलेगा। शकुनि ने पांसे भी ऐसे तैयार किए थे कि उसको परिणाम और प्रश्न मालूम थे। आधुनिक बाबा भी ऐसे ही पांसे चलते हुए हुए कइयों की जिंदगी को नरक बना रहे हैं, कइयों के घर उजाड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान उन लोगों का हुआ है, जो धार्मिक आस्थाओं के प्रति अटूट विश्वास रखते थे, क्योंकि भारत की पहचान सदा से ही साधु-संतों से जुड़ी रही है। लेकिन पिछले एक-दो दशक से कुछ फर्जी बाबाओं ने अपनी काम वासना एवं धनलोलुपता के चलते सबकुछ खंडित कर दिया है। इन बाबा रूपी शकुनियों को दंड देना ही पड़ेगा। आधुनिक बाबाओं की तरह महाभारत का शकुनि कभी किसी से नहीं डरता था, लेकिन वो कहता था, दुर्योधन! मैं इस दुनिया में केवल एक ही व्यक्ति से डरता हूं और वो श्रीकृष्ण हैं। तो हमें भी आधुनिक बाबाओं के लिये श्रीकृष्ण जैसी एक सख्त व्यवस्था लागू करनी पड़ेगी। क्योंकि श्रीकृष्ण जब किसी को



दंड देते थे तो अपना और पराया कभी नहीं देखते थे। श्रीकृष्ण धर्म में जय और जय में धर्म देखते थे। वतर्मान में धमर्गुरुओं एवं बाबाओं का जो चरित्र एवं आचरण प्रस्तुत हो रहा है, वह कष्टदायक एवं विनाशकारी है। इसलिये उनके लिये श्रीकृष्ण रूपी अनुशासन-व्यवस्था को सख्ती से लागू करना ही होगा।

अखाड़ा परिषद का अपना अनुशासन है। अखाड़े से जुड़े संतों में कोई दोष नहीं आ जाए, चरित्रहीनता न आ जाये, आचरण एवं जीवनशैली दूषित न हो जाये, इसे देखते हुए वह समय-समय पर अपने महामण्डलेश्वर व दूसरे संतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच कराता रहता है। ऐसी ही हाल में की गयी जांच में सामने आया कि धनार्जन में लिप्त रहने वाले संतों की कार्यप्रणाली अखाड़ों की रीति-नीति के विपरीत थी। इनमें कुछ के तो आपराधिक लोगों से भी संबंध सामने आए। राजनेताओं से भी उनके प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। हर समुदाय में संतों का अलग ही स्थान रहता आया है। वे जहां विराजते हैं वह स्थान स्वतः ही उच्च हो जाता है। आज भी बड़ी संख्या में संत-महात्मा समाज को दिशा देने के काम में निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। पर बदलते दौर में संत-महात्मा-मुल्ला-मौलवियों व पीर-पगारों के छद्म-पाखण्डी वेश में ऐसे लोग भी सामने आने लगे हैं जो धार्मिक कार्यकलापों की बजाय न केवल अर्थार्जन में जुटे रहते हैं बल्कि अंधविश्वास, व्यभिचार और पाखण्ड को बढ़ावा देने में जुटे हैं। छद्म धमर्गुरु और संत लोगों की धार्मिक श्रद्धा एवं अंधभक्ति का फायदा उठाकर उन्हें ठगते हैं। ऐसे लोगों का गाहे-बगाहे सियासी जुड़ाव भी सामने आता रहता है। ऐसे ही लोग संत समाज को बदनाम करते हैं, जिससे लोगों की धार्मिक आस्था भी डगमगाने लगती है।

धमर्गुरुओं के धन के प्रति बढ़ते आकर्षण ने भी अनेक तरह की विसंगतियों एवं विकृतियों को जन्म दिया है। अब तक धर्म और धमर्गुरुओं के इर्द-गिर्द ठाट-बाट और राजा-महाराजाओं जैसी वैभवपूर्ण स्थितियां ही देखने को मिलती थीं, लेकिन अब ये तथाकथित धमर्गुरु स्वयं व्यापारी बनकर बड़ी-बड़ी कंपनियों का संचालन कर रहे हैं। एक प्रमुख महिला धमर्गुरु बहुत सारे धार्मिक कार्यों के अलावा अस्पताल, एक टीवी चैनल, इंजीनियरिंग कॉलेज और बिजनेस स्कूल चलाती है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित हुए विश्व धार्मिक सांस्कृतिक सम्मेलन में देखा कि किस तरह से पानी से लेकर खाद्य पदार्थ तक बेचे गए। एक बड़ा पंथ चलाने वाले राम-रहीम ऑर्गेनिक उत्पाद खिलाकर देश को सेहतमंद बनाने की तमन्ना रखते हैं। ये एक ऐसी लंबी सूची है जिसमें वतर्मान के लगभग सभी चर्चित धमर्गुरु ऐसे ही व्यावसायिक कार्यों और लाभकारी इकाइयों से जुड़े हैं। व्यावसायिक लाभों के लिए राजनीतिक और व्यावसायिक नेटवर्क रखने के साथ-साथ बड़ी संख्या में धार्मिक अनुयायी रखना इन तथाकथित धमर्गुरुओं की परंपरा रही है।

राजनीति पर धर्म के अनुशासन की बात उचित है, लेकिन धमर्गुरुओं को प्रतिष्ठापित करने के बहाने राजनीति का खेल न खेला जाए, इस बात की जरूरत सर्वाधिक है। अपनी लोकप्रियता के बल पर कुछ धमर्गुरु भारतीय राजनीति के बदलते दौर में कुछ सीटें जीतकर सामने आए हैं। धमर्गुरु से राजनीतिज्ञ बन जाने की ये घटनाएं न केवल धर्मक्षेत्र के लिए बल्कि राजनीति के लिए भी घातक हैं। जहां धमर्गुरुओं के अनुयायी अधिक संख्या में हैं, उन क्षेत्रों में वे स्वयं जीतें न जीतें, वहां के परिणाम को प्रभावित कर ही सकते हैं। उनका यह असर किस दिशा में होगा? कौन सी बड़ी ताकत को लाभ मिलेगा? यानी राजनीति एवं राजनेताओं पर इन धमर्गुरुओं एवं बाबाओं का गहरा प्रभाव एवं वर्चस्व भी अनेक विसंगतियों का कारण बना है। हाथरस में सूरजपाल जाटव उर्फ साकार हरि ़बाबा़ के तथाकथित सत्संग में 121 लोगों की मौत का कारण बना। ऐसे फर्जी एवं तथाकथित चमत्कारी बाबाओं के चक्कर लगाने वालों में महिलाएं एवं दलित बड़ी संख्या में हैं। भगदड़ एवं अन्य हादसों की स्थिति में यही लोग मारे जाते हैं। प्रश्न है कि ढोंगी एवं पाखण्डी बाबाओं के पास जाने वाले लोग अपनी तर्क-बुद्धि एवं विवेक से काम क्यों नहीं लेते? अंधविश्वासों के सहारे तरक्की की सीढ़ियां क्यों चढ़ना चाहते हैं? ये विडंबनापूर्ण स्थितियां हैं। जनता की कमजोरी के कारण ही कभी हमारे यहां धर्म की राजनीति में घुसपैठ होती रही है तो अब आर्थिक गतिविधियों से उनका गठबंधन हो रहा है। जब-जब ऐसी स्थितियां हुई हैं, तब-तब धर्म और धमर्गुरु अपने विशुद्ध स्थान से खिसके हैं। खिसकते-खिसकते वे ऐसी डांवाडोल स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां धर्म को अफीम कहा जाने लगा है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। इस समय परिस्थिति बहुत ही अनुकूल बनी हुई है। आपको अपनी मेहनत के बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। आज फोन कॉल के माध्यम से कोई महत्वपूर्ण सूचना मिलने की संभावना है। अपने ऊपर भरोसा रखें, दूसरों की बातों में ना आये। आज वाद- विवाद की स्थिति से दूर रहें। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान दें। किसी अपने से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आ सकती है, जिन्हें आप सफलतापूर्वक निभायेंगे।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन व्यवस्थित और मन मुताबिक तरीके से बीतेगा। आज आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। युवाओं को अपने करियर से संबंधित कोई उपलब्धि मिलने की उम्मीद है। इस समय अपने महत्वपूर्ण कार्यों को ही प्राथमिकता पर रखें। कोई भी बड़ा निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी अवश्य हासिल कर लें। नए लोगों से मुलाकात होने से आपको बड़े फायदे होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में नयी नयी खुशियां आएंगी।

मिथुन राशिः आज आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आपको सबका पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। माता-पिता आपको कोई बड़ा गिफ्ट देंगे इससे आप बड़े ही खुश नजर आएंगे। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है। आप किसी नई तकनीकि को सीखने की भी कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार से आज लोग प्रभावित होंगे। परिवार में सबके साथ किसी खास मामले पर बातचीत होगी।

कर्क राशिः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। सभी काम आपके मन- मुताबिक पूरे हो सकते हैं। जरूरत से ज्यादा एकाग्रता के कारण आपको थोड़ी उलझन हो सकती है। आज आपको एक तरफा सोचने से बचना चाहिए, बेहतर रहेगा की आप सभी पहलुओं को पर विचार करें। आपको अपने वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद करने से आपको बचना चाहिए। फालतू विवाद भी सामने आ सकते हैं। बच्चे आज किसी ड्रेस की डिमांड करेंगे, आप भी उनको निराश नहीं करेंगे।

सिंह राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को पैसों के मामलों में लाभ हो सकता है। ऑफिस में काम आसानी से पूरा हो सकता है। साथ ही बॉस आपकी परफॉरमेंस से खुश होकर आपको कोई अच्छा-सा गिफ्ट कर सकते हैं। संतान पक्ष से सुख प्राप्त होगा। दूसरों की जरूरतों को पूरा करने की आप कोशिश करेंगे। आज किसी आयोजन में आप व्यस्त रहने वाले है। लोग आपसे कुछ सीखना चाहेंगे। आज परिवार का माहौल अच्छा रहने वाला है। लवमेट आज लंच करने किसी रेस्टोरेंट जायेंगे, मीठी नोक- झोंक होने से रिश्ते और मजबूत होंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। इस राशि के कारोबारियों को उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। ऑफिस में आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा। दूसरे लोग आपकी योजना से काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन बेहतरीन है। परिवार के लोग आपके लिए मददगार होंगे। किस्मत के सहयोग से जो भी होगा आपके फेवर में होगा। महिलायें आज ऑनलाइन शॉपिंग करेंगे, किसी सामान पर अच्छा डिस्काउंट मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

तुला राशिः आज आपका दिन व्यस्तता में बीत सकता है। आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती है। रुके हुये कुछ खास काम, आज पूरे होंगे इससे आपको प्रसन्नता होगी। साथ ही किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिये की गयी कोशिशों का भी अच्छा परिणाम मिलेगा। आज कोई चीज कहीं रखकर आप भूल सकते हैं, इसलिए चीजों को आपको ध्यान से रखना चाहिए। घर से दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को आज अपने घरवालों से मिलने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। कुछ लोगों की मदद से आपके काम पूरे हो सकते हैं। आज आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। नवविवाहित दंपत्ति आज हर बात समझने की कोशिश करेंगे। आज दोस्तों का सहयोग मिलेगा। साथ ही वो किसी काम में आपसे सलाह भी ले सकते हैं। रिश्तों के मामलों में नयापन आ सकता है। आप लोगों की इच्छाएं समझने की कोशिश में लगे रहेंगे। कुछ नई जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। ऑफिस में आज आपके ड्रेसिंग सेंस की तारीफ होगी।

धनु राशिः आज का दिन सुनहरे पल लेकर आयेगा। नए कार्यों में आपको भाग्य का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साहित्य से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। करियर में आप नए आयाम स्थापित करेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी। दोस्तों के साथ मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। घर पर किसी खास रिश्तेदार के आने से आपको ख़ुशी होगी, उनके साथ आप अलग- अलग पकवानों का आनंद उठायेंगे। लवमेट के लिये आज का दिन यादगार रहने वाला है, कोई मन पसंद उपहार मिलेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। कुछ नए मौके आपको मिल सकते हैं। मिल कर किये गए कामों से आपको बहुत हद तक सफलता मिलने के योग है। इनकम के एक्स्ट्रा सोर्स मिलने से आपका बैंक बैलेंस मजबूत होगा। आज आप छोटी-छोटी बातों में भी खुशियां ढूढ़ने में सफल होंगे, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज किसी अनुभवी व्यक्ति से कोई नई बात सीख सकते हैं। वकीलों को आज किसी केस में जीत मिलेगी। साथ ही कुछ अच्छे क्लाइंट भी आपसे जुड़ेंगे।

कुंभ राशिः आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। दाम्पत्य रिश्ते मधुर होंगे। रोजमर्रा के कामों से आपको फायदा होगा। कारोबार में पैसा लगाने के बारे में सोच सकते हैं। आपको कई नये काम करने के मौके मिलेंगे, जिनमें आप सफल भी होंगे। आप दूसरों की मदद के लिये तैयार रहेंगे। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। रचनात्मक काम से आपको फायदा मिलेगा। लवमेट के बीच चल रही अनबन आज समाप्त हो जायेगी, कहीं घूमने जायेंगे। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

मीन राशिः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कामकाज के मामले में परिस्थिति अच्छी रहेगी। आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं, इससे आपके रिश्ते में मजबूती बरकरार रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। माता-पिता आपकी मेहनत से खुश रहेंगे। आपको सभी काम में उनका सपोर्ट मिलेगा। बेहतर परिणाम के लिए टीचर्स भी आपके साथ खड़े रहेंगे। व्यापार को बढ़ाने के मामले में आपकी मेहनत सफल रहेगी।

जयंती

# कहां तक प्रतिवाद देते बैठूं:डॉ. बघेल

आशीष सिंह

**डॉ. बघेल का साक्षात्कार**

राजनैतिक स्वार्थ सिद्धि के लिये मैं सत्ता और धन का अपहरण करने वालों से किसी प्रकार एकता नहीं कर सकता-डा. खूबचन्द बघेल

हैदराबाद के सर्वोदय सम्मेलन से आने के पश्चात डा. बघेल से जब राष्ट्र-बन्धु के एक विशेष प्रतिनिधि ने उनके खिलाफ प्रकाशित विषयों पर प्रतिवाद देने के लिये कहा तो उन्होंने कहा कि कहां तक प्रतिवाद देते बैठूं। इतना समय ही मेरे पास कहां है। मैं इस प्रांत के सार्वजनिक जीवन में सन १९३१ से हूं। यदि मैं छत्तीसगढ़ केसरी जो अचानक हिन्द केसरी हो गया है और मुख्य मंत्री के सुपुत्र श्री श्यामाचरण जी के महाकौशल के हर गन्दे आक्षेपों का उत्तर देते बैठूं तो इससे इस इन लोक दृष्टि से गिरने वाले पत्रों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मुझे जो लोग बदनाम करने की कोशिश करते हैं वे एक तरह से मुझे लोक दृष्टि से गिराने का प्रयत्न करते हुये भी मेरी प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं। मैं तो यही कहता हूं 'आपन डूबे, और को तारे, ऐसा पीतम पार उतारो, जुग जुग जियो निन्दक मोरा, राम देव तुम करो निहोरा।' इसलिये उनके गुस्से पर अब मुझे प्यार आने लगा है।



**प्र. आप अडंगेबाजी के सिवाय एकता स्थापना के लिये क्या कर रहे हैं?**

उ. मैंने जन जागृति का कार्य अपने हाथों में लिया है। यदि गांधी तिरंगा झंडा कांगरेस के नारे लगा लगाकर व्होट का डाका डालनेवाले उन डाकुओं को जो जनता को बेहोश गाफिल और प्रगाढ़ निद्रावस्था में रखने के पक्षपाती है मेरी प्रवृत्ति अडंगाबाजी करने की जचती हो तो इसे मैं स्वीकार करता हूं। राजनैतिक स्वार्थ सिध्धि के लिये मैं सत्ता और धन के अपहरण करने वालों से किसी प्रकार एकता नहीं कर सकता। यदि कांगरेस मैन अपने चरित्र को सावधानी से सम्हालता है और जनता को लूटता नहीं तो वह आाज के जमाने में सबसे बड़ी एकता का प्रयत्न कर रहा है। चुनाई कला के चोरबाजारियों से इलेक्शन जीतने के लिये दोस्ती की बातें करना मेरे स्वाभाव के प्रतिकूल है इसलिये ऐसी उम्मीद करने बाले 'राजवंशी' राजस्थान लिमिटेड कम्पनी को मैं खुश नहीं कर सकूंगा।

**प्र. आप शुक्ल जी और मिश्र जी को सामने पूज्य और पीठ पीछे बदनामी करते हैं ऐसा कहा जाता।**

उ. सही बात तो यह है कि पैसे के बल पर अखबार नबीसी करने वाले कुछ लड़कों को अभी इस बात की भी तमीज नहीं है कि व्यक्ति और उसकी बुराई के भेद को समझ सकें। जिस व्यक्ति में कल तक जिले और प्रांत की सेवा की हो उसके प्रति मैं दिल में आदर न रखूं ऐसा मुझसे कभी नहीं हो सकता इसलिये मैंने प्रत्यक्ष या परोक्ष में उनके व्यक्तित्व की निन्दा कभी नहीं की है लेकिन साथ ही साथ यह भी सत्य है कि यदि कल का राजा नहुष तपस्या के बल पर इन्द्रासन पा जाय और इन्द्राणी के भोग के लिये ऋषी मुनियों को अपने रथ में जोतते हुये पैरों से ठोकर मारने लग जाय तो मैं अवश्य ही उस राजा नहुप के कुकृत्यों की निन्दा करूंगा। राजनैतिक वयोवृद्ध, तपोवृद्ध नेता यदि अपने सार्वजनिक सेवा के कार्यों में भ्रष्टाचारी हो जाय तो मैं उनके व्यक्तित्व के प्रति सम्मान रखकर भी उनके कार्यों की आलोचना कर सकता हूं ऐसी मेरी धारणा है। मैं इसमें कोई बुराई नहीं पाता। पर इस बात की सूक्ष्मता न समझने वाले 'लोढ़हा' लोग जो अपने को महादेव का भाई समझते हैं मेरे ऊपर गन्दा आक्षेप करते हैं तो मैं इन राजनैतिक पुराने और नये लोढ़हों को कहां तक अपनी बात समझाऊं।

**प्र. माफ करें ये लोढ़हा वाली बात समझ में नहीं आई जरा स्पष्ट करें।**

उ. स्वर्गीय पं. सुन्दरलाल शर्मा से मुझे एक छत्तीसगढ़ी कहावत सुनने को मिली थी वह है 'लोढ़हा कहे दाई, महूं महादेव के भाई'। लोढ़हा छत्तीसगढ़ी में चटनी पीसने के उस महादेव के पिन्डी के आकार के पत्थर को कहते हैं जो सिल पर पीसने के काम में आता है। लोढ़हा केवल महादेव के लिंग का आकार धारण करने के कारण तो हरगिज शंकर नहीं हो सकता पर वह भी अपनी मां सिल से कहता है कि मैं चटनी पीसने का पत्थर नहीं मैं महादेव का भाई हूं। ऐसे ऐसे लोढ़हा लोगों को मैं कहाँ तक समझाऊं।

**प्र. क्या आप रोने गिड़गिड़ाने के अद्वितीय कलाकार हैं?**

उ. मैं स्वतः को इस दलित और लांक्षित छत्तीसगढ़ का एक प्रतिनिधि मानता हूं इसलिये जनता जनार्दन के सामने अपने पक्ष को एक दीन परन्तु स्वाभिमानी व्यक्ति की तरह रखता है और इसका असर बाजदफा कई लोगों के दिलों पर जरूर होता ऐसा करने से 'राजवंशी' गद्दी का पाया डगमगाने लगता है तब मुझे वे रोने गिढ़गिढ़ाने वाला कहते हैं। क्या ऐसे लोग ऐसा एक भी उदाहरण बता सकते हैं जब दर्प से आंखें लाल करने वाले पदांध और मदांध व्यक्ति के सामने मैंने रोया गिड़गिड़ाया है। मैं जनता जनार्दन के सामने अपने दिल के दर्द के रखने में कभी भी शर्म का अनुभव नहीं करता। कला की बात मुझे 'राजवंशी' -बला समझकर ही कहता है इसलिये उनके बलबलाने में मैं क्यों बाधक बनूं।

**प्र. क्या आप संसद सचिवता से निकाल दिये गये?**

उ.-ये तो अब बहुत पुरानी बात हो गई। मैं चाहता हूं इस प्रश्न का उत्तर मेरे मुंह से न सुनकर मुख्य मंत्री से लें। क्योंकि जहां तक मुझे याद है ता. ८-११-१९४७ को मेरा स्तीफा मन्जूर किया था। जरूरत हुई तो मैं उनके दफ्तर की दस्तखती चिट्ठी भी पेश कर दूंगा। लेकिन इस तुच्छ बात में अधिक पढ? की मेरी इच्छा नहीं। मैंने स्तीफा देकर कोई तीस मारी नहीं की। मैंने अपने अन्तःकरण की आवाज का पालन मात्र किया है कोई बड़ी भारी शेखी की बात नहीं।

**प्र. सिलियारी की २५-२-५१ की बात कैसी है।**

उ. इसका उत्तर महन्त लक्ष्मीनारायण दास जी से पूछें जिन्होंने मुझपर अत्यन्त हलके ढंग से वार किया था। इस पर मैं इस समय अधिक कहने का इच्छुक नहीं हूं कृपया शेष बातों के लिये मुझसे फिर कभी मिलें। क्योंकि मैं जरूरी कार्य से बाहर जा रहा हूं।

**राष्ट्र-बन्धु, २३-४-५१**
**डॉ. खूबचन्द बघेलः विचार और अभिव्यक्ति**

प्रासंगिक

# मिट्टी में मिलते जा रहे, बर्तन बनाने वाले कुम्हारों के अरमान

प्रियंका सौरभ

**मिट्टी के बर्तन बनाने के अलावा इनके पास और कोई दूसरा रोजगार नहीं है, न ही कृषि करने के लिए इनके पास भूमि है। और न अन्य साधन, जिससे आय का आवक हो पाए। यह जैसे-तैसे करके अपने परिवार को पाल रहे हैं। मौजूदा दौर में एल्युमीनियम, थर्माकोल व प्लास्टिक बतर्नों का खूब चलन चला है, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। हमारे पूर्वज अपने समय में मिट्टी, लोहे व काँसे के बने बतर्नों का उपयोग करते थे। इसलिए उन्हें मौजूदा दौर की बीमारियाँ नहीं हुई। यदि आप भी, अपने पूवर्जों की भाँति स्वस्थ्य जीवन-यापन करना चाहते हैं तो, मिट्टी के बने बतर्नों का उपयोग भोजन बनाने के लिए करें, ताकि आपके स्वस्थ्य के साथ ही इन कुम्हारों की माली हालत में सुधार हो सके।**



आधुनिक फ्रिज और एसी ने मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कारीगरों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया है। ये मिट्टी के बर्तन बनाकर रखतें हैं लेकिन बिक्री न होने की वजह से खाने के भी लाले पड़ जाते हैं। परिवार कैसे चलेगा। कोई भी मटके खरीदने नहीं आ रहा है। धंधे से जुड़े लोगों ने ठेले पर रखकर मटके बेचने भी बंद कर दिए हैं। देश भर में प्रजापति समाज के लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं। कुम्हार अपना पुश्तैनी काम छोड़ नहीं सकते. इसलिए उनके पास मिट्टी के बर्तन और गर्मी के दिनों में घड़े बेचने के अलावा कमाई का दूसरा विकल्प नहीं है. हालात ये हैं कि अब कुम्हार परिवार अपने काम को जिंदा रखने के लिए कर्ज लेकर व्यवसाय कर रहे हैं. लेकिन इससे भी इनकी लागत नहीं निकल रही. कुम्हार (कुंभकार) जाति के लोग मिट्टी से ही अपना रोजी-रोटी एवं जीवन-यापन करते हैं। कुम्हार शब्द, कुम्भकार से निकला हुआ प्रतीत होता है, जिसका अर्थ कुम्भ, यानि घड़ा बनाने वाला होता है। इन्हें कुम्भार, प्रजापति, प्रजापत, घूमियार, घूमर, कुमावत, भांडे, कुलाल या कलाल आदि नामों से भी अलग-अलग प्रदेशों में जाना जाता है। कुम्हारों की हस्तकला ही, उनके रोजगार का साधन होता है। कुम्हार अपने हाथों से मिट्टी की वस्तुएं बनाते हैं। कुम्हार मिट्टी से वस्तुएं बनाने के लिए काली मिट्टी, लाल मिट्टी, रेत व राख आदि को एक साथ मिलाकर, पानी डाल कर अच्छे से मिक्स करते हैं। उसके बाद चाक (चकरी) में मिट्टी को रखकर उनको आकार देते हैं, और भिभिन्न-भिभिन्न वस्तुओं का निर्माण करते हैं। देवी-देवताओं की मूतिर्यां, दीया, बोरा, बैल, करसा, क्लास, ठेकुआ, पुरा, मर्की, ओम, देवा, चूल्हा व बच्चों के खिलौने। मिट्टी के बर्तन पकने के बाद, उनको नजदीकी बाजार एवं चौक-चौराहों में बेचने के लिए ले जाते हैं। और उसके बाद, उसी वस्तुओं के पैसे से जो आमदनी उनको प्राप्त होती है, उसी से यह अपना जीवन-यापन और अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। लेकिन इन मिट्टी के बर्तन या खिलौने का मूल्य उतना ज्यादा नहीं रहता, जीतना उसमें मेहनत लगता है। और-तो-और लेने वाला व्यक्ति भी, वस्तुएं लेने पर मोलभाव करके, उसमें पैसा कम करवा ही लेता है।

इन कुम्हारों का रोजगार उतना अच्छा नहीं रहता। क्योंकि, पहले के समय में, सभी लोग मिट्टी के बर्तन व मिट्टी के वस्तुएं उपयोग करते थे। लेकिन अभी, वतर्मान के समय में, मिट्टी के बतनों को लोग नहीं के बराबर इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि, सभी लोग स्टील के बर्तन, फाइबर के बर्तन आदि का अधिक यूज करते हैं। जिससे इनकी आमदनी, पहले के समय से कम होती है। गणेश पक्ष, दुर्गा पक्ष व विश्वकर्मा पक्ष आदि में ही इन लोगों को थोड़ी आमदनी हो पाती है और बाकी समय में इनको एक दिन में 100 से 200 रुपये भी मिलना मुश्किल हो जाता है। बहुत से कुम्हार, आमदनी अच्छी ना होने के कारण, मिट्टी के वस्तु बनाना छोड़ दिए हैं। और कुछ अन्य काम, अपने जीवन-यापन करने के लिए पकड़ लिए हैं और उसी में लगे हुए हैं। वह लोग इस काम को और करना नहीं चाहते। क्योंकि, इसमें मेहनत अधिक और आमदनी कम है। वतर्मान में कुम्हारों का स्थिति बहुत ही खराब है। क्योंकि, पहले जैसा अभी के समय में लोग मिट्टी के समान उपयोग करना बंद कर दिए हैं। इस कारण, इनके पास जो बना हुआ वस्तु भी रहता है। वह भी बिक नहीं पाता है, जिससे इनको नुकसान ही उठाना पड़ता है। बाकि मिट्टी के वस्तुएं, अपने सीजन में ही बिक पाते हैं। बाकी समय इनका बिकना मुश्किल हो जाता है। मिट्टी व पानी की समस्या ने इस धंधे की कमर तोड़ दी है। पहले इस व्यवसाय के लिए यह गांव काफी चर्चित था। लेकिन समय बीतते के साथ सब कुछ खत्म होने लगा है। गांव में कच्चे मकान की संख्या काफी कम हो गई है। जिस कारण छत में लगने वाले खपड़े की बिक्री नहीं के बराबर होती है। अब इस धंधे से लाभ नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी मिट्टी के लिए होती है। पहले वर्षो से मिट्टी वन विभाग की जमीन से लाई जाती थी। लेकिन वतर्मान में इस पर रोक लगा दी गई है। पानी की समस्या एवं कोयले के दाम में बढ़ोत्तरी। जिसने इस धंधे की कमर तोड़ कर रख दी है। परिवार के चार सदस्यों की कड़ी मेहनत के बाद एक दिन में ढाई सौ खपड़े का निर्माण हो पाता है। जिसे पकाकर तीन हजार रूपये में बेचा जाता है। लागत के अनुसार उन्हें लाभ नहीं मिल पाता है।

मिट्टी के बर्तन बनाने के अलावा इनके पास और कोई दूसरा रोजगार नहीं है, न ही कृषि करने के लिए इनके पास भूमि है। और न अन्य साधन, जिससे आय का आवक हो पाए। यह जैसे-तैसे करके अपने परिवार को पाल रहे हैं। मौजूदा दौर में एल्युमीनियम, थर्माकोल व प्लास्टिक बतर्नों का खूब चलन चला है, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। हमारे पूर्वज अपने समय में मिट्टी, लोहे व काँसे के बने बतर्नों का उपयोग करते थे। इसलिए उन्हें मौजूदा दौर की बीमारियाँ नहीं हुई। यदि आप भी, अपने पूवर्जों की भाँति स्वस्थ्य जीवन-यापन करना चाहते हैं तो, मिट्टी के बने बतर्नों का उपयोग भोजन बनाने के लिए करें, ताकि आपके स्वस्थ्य के साथ ही इन कुम्हारों की माली हालत में सुधार हो सके।

# शबरी ऑडिटोरियम सुकमा में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आयोजित

- नवप्रवेशी स्कूली बच्चों को फूल माला एवं तिलक लगाकर मंत्री और सांसद ने किया स्वागत
- सुकमा पूरे प्रदेश में उत्कृष्ट जिले के रूप में स्थापित कर रहा अपनी पहचानः कश्यप

**सुकमा, 19 जुलाई।** जिला मुख्यालय स्थित शबरी ऑडिटोरियम सुकमा में सोमवार को जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी स्कूली बच्चों का जिले के प्रभारी मंत्री और राज्य शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, संसदीय कार्य, कौशल विकास तथा सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप तथा सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र श्री महेश कश्यप, श्री धनीराम बारसे, श्री हूंगाराम मरकाम, सोयम मुक्का सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। साथ ही निशुल्क पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरित किया गया।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने जिले में विद्यार्थियों का परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा शिक्षा के प्रति किये जा रहे सार्थक प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिल रहा है कि अब सुकमा जिले में शाला त्यागी बच्चों की दर में कमी हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे जिले के लिए बड़े हर्ष की बात है कि यहां दो नवोदय विद्यालय संचालित है। उन्होंने कहा कि आदर्श देखने बाहर जाने की जरूरत नहीं है। बस हमकों अपने आप को तराशने की जरूरत है तब उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ेंगे। आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम जैसे बड़े संस्थान हमारे प्रदेश में संचालित हो रहे है। प्रदेश सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि अब सुकमा जिला तेजी के साथ विकास कर रहा है और पूरे प्रदेश में उत्कृष्ट जिला के रूप में अपना पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग सहित सभी जिला अधिकारियों से कहा कि बच्चों को सही दिशा देने की जरूरत होती है। शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माता हैं,इसलिए बच्चों को सभी मार्गदर्शन प्रदान करते रहें।

इस अवसर पर सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र श्री महेश कश्यप ने कहा कि सुकमा जिला विकास की दिशा में निरतंर आगे बढ़ रहा है। मानव जीवन में शिक्षा महत्वपूर्ण है। शिक्षा से हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होने कहा कि राजा का पहचान सिर्फ राज्य में होता है परंतु विद्वान व्यक्ति की पूरी संसार में पूजा होती है और शिक्षा ग्रहण करने के बाद ही विद्वान बनते हैं। हम अपने जीवन में बचपन से ही माता-पिता, समाज एवं गुरूजनों सभी लोग से शिक्षा प्राप्त कर व्यक्ति शिक्षित होता है। तब जाकर देश-समाज का विकास होता है। सरकार के प्रयासों से वर्तमान में सुकमा के बच्चे अब डॉक्टर, इंजीनियर सहित सरकारी सेवाओं में अपनी सेवा देकर, सुकमा जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधी श्री धनीराम बारसे, श्री हुंगाराम मरकार, श्री सोयम मुक्का, श्री दिलीप पेद्दी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर श्री हरिस.एस, सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक एवं स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने चंचल देवांगन



**किरन्दुल 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा का चुनाव पुराना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यलय में सम्पन्न हुआ जिसमे निर्विरोध निर्वाचित हुए चंचल कुमार देवांगन। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक दिनांक 14.7.2024 को अंबिकापुर में आयोजित की गई जिसमे प्रांतीय अध्यक्ष श्री आलोक मिश्रा के द्वारा श्री चंचल कुमार देवांगन को जिला दंतेवाड़ा का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया । इस बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संरक्षक ओ पी शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष आलोक मिश्रा प्रांतीय सचिव रविन्द्र तिवारी एवम समस्त प्रांतीय पदाधिकारी और समस्त संभाग अध्यक्ष समस्त जिलो के जिला अध्यक्ष और अंबिकापुर संभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### एआईएसएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मजदूरों के धरना-प्रदर्शन में पंहुचे



**सुकमा 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । एआईएसएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड संगमित्रा के साथ प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ,महिला फेडरेशन के मंजू कवासी सुकमा में सीपीआई के जिला सचिव कामरेड रामासोड़ी के नेतृत्व में हो रही तेन्दूपत्ता तोड़ाई करने वाले मजदूरों की धरना-प्रदर्शन मे पंहुचे। सीपीआई जिला सचिव कामरेड रामा सोड़ी ने तेन्दूपत्ता तोड़ाई करने वाले मजदूरों के साथ वन मंडल अधिकारी के कार्यालय के अन्दर वन अधिकारी के चेम्बर के दरवाजा के पास धरना-प्रदर्शन, खेती किसानी के वक्त पर तेन्दूपत्ता राशि नही मिलने पर नाराज मजदूर, अब तक न खाता मे, न नगद मिला है तेन्दूपत्ता मजदूरो के साथ रामा सोड़ी ने वन मंडल अधिकारी दरवाजा के सामने दिन भर धरना बैठकर राशि कब देने की मांग को लेकर डटे रहे, मजदूर आज ही पैसा देने की मांग को लेकर लगे रहे , वन मंडल अधिकारी को तुरन्त राशि देने तक डटे रहे शाम को अधिकारी को मजदूरो की मांग को स्वीकार करना ही पड़ा, शाम तक देने की बात स्वीकार लिये, तब जाकर रामा सोड़ी के साथ मजदूर धरना-प्रदर्शन खत्म की, धरने मे विनोद, मुन्ना नाग,पोदिये नाग, चितू नाग सहित मजदूर उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 448.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 508.0 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 320.9 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 485.0 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 347.3 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 288.1 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 803.7 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 384.1 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 448.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 17 जूलाई को सर्वाधिक वर्षा तोंगपाल तहसील में 9.8 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 08.0 मिलीमीटर,सुकमा तहसील में 02.5 मिलीमीटर, छिंदगढ़ तहसील में 02.4 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 01.4 मिलीमीटर,गादीरास तहसील में 00.0 मिलीमीटर, और जगरगुण्डा तहसील में 00.0 मिलीमीटर, दर्ज की गई है। इस प्रकार 3.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

### दूरस्थ इलाकों के हितग्राहियों को मिला वनाधिकार मान्यता पत्र

**सुकमा 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज जिला स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चक्रीय निधि वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री और वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, संसदीय कार्य, कौशल विकास व सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप तथा सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र श्री महेश कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा विकासखण्ड कोंटा के ग्राम पंचायत डब्बाकोंटा के आश्रित ग्राम कोलाईगुड़ा के हितग्राहियों को वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण किया गया।

## सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन 5 अगस्त तक

**सुकमा, 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । आदिवासी विकास शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार वर्ष 2024-25 में राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (ए) अन्तर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 185 सीट (एसटी-50 प्रतिशत, एससी-30 प्रतिशत, ओबीसी-20 प्रतिशत) साथ ही प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित रहेगे। इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है।

# सुकमा में 20 लाख के इनामी 4 नक्सलियों ने किया सरेंडर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 19 जुलाई।** आत्मसमर्पित महिला नक्सली लगभग 14 साल व पुरुष नक्सली लगभग 14-15 सालों से नक्सली संगठन में सक्रिय रहकर कई बड़ी-बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे है. छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पदों के अनुरूप आत्मसमर्पित नक्सलियों पर सीवायपीसी पर 08, दो पर 05-05 लाख व अन्य 1 पर 02 लाख कुल 20 लाख रूपये का इनाम घोषित है. छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्रास जीति व नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर व अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से आत्मसमर्पण किया. आत्मसमर्पित महिला नक्सली लगभग 14 साल व पुरुष नक्सली लगभग 14- 15 सालों से नक्सली संगठन में सक्रिय रहकर कई बड़ी-बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहे है. छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पदों के अनुरूप आत्मसमर्पित नक्सलियों पर सीवायपीसी पर 08, दो पर 05-05 लाख व अन्य 1 पर 02 लाख कुल 20 लाख रूपये का इनाम घोषित है. आत्मसमर्पित नक्सली कम्पनी नम्बर 10 प्लाटून ÷ए डिप्टी कमाण्डर /सेक्शन ए डिप्टी कमाण्डर, प्लाटून नंबर 30 का पीपीसीएम, दक्षिण बस्तर डिवीजन टेक्निकल सदस्या/एसीएम एवं महाराष्ट्र (गढ़चरोली डिवीजन अन्तर्गत) भामरागढ़ एरिया कमेटी/ सीएनएम पार्टी सदस्या के पदों पर सक्रिय रहे है. नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित कराने में विशेष आसूचना शाखा, जिला पुलिस बल, डीआरजी जिला सुकमा व 02 वाहिनी सीआरपीएफ के आसूचना शाखा का विशेष प्रयास रहा है।

## आकांक्षी विकासखंड कोंटा के ग्राम पंचायत पोलमपल्ली में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**सुकमा, 19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवम् कलेक्टर श्री हरिस.एस के मार्गदर्शन में मंगलवार को आकांक्षी विकासखंड कोंटा के ग्राम पंचायत पोलमपल्ली में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित प्राप्त 129 आवेदनों में से 44 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर किया गया। शेष 85 आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा यथाशीघ्र किया जाएगा। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आमजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन शिविर लगाकर ग्रामीणजनों को उनकी समस्याओं का आसानी से समाधान करने के साथ ही शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणजनों के विकास के लिए बनाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे है। इसी क्रम में 02 अगस्त 2024 को आकांक्षी विकासखंड कोंटा के ग्राम पंचायत चिंतागुफा एवम् 04 अगस्त 2024 को विकासखंड सुकमा के ग्राम पंचायत गादीरास में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर आयोजित प्रस्तावित है। इस अवसर पर श्री धनीराम बारसे एवम् स्थानीय जनप्रतिनिधि एसडीएम श्री शबाब खान, तहसीलदार श्री योपेंद्र पात्रे, सीईओ जनपद कोंटा श्री नारद कुमार मांझी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।




## समाचार संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज का पुनर्गठन



**सुकमा 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज ज़िला सुकमा में सर्व आदिवासी समाज का पुनर्गठन किया गया जो की पिछले 1 महीना से तैयारी किया जा रहा था साथ में सभी ब्लाक से सर्व आदिवासी समाज के लिए चयन प्रक्रिया पर चर्चा किया गया जिसके बाद सभी सर्व आदिवासी मूल समाज की आपसी सहमति से मनोनय किया गया जो संभागीय सर्व आदिवासी समाज पदाधिकारियो संभागीय सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष प्रकाश टाकुर संभागीय कोया कुटमा समाज अध्यक्ष हिरमो मांडवी संभागीय कोया कर्माचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिरमो वट्टी संभागीय धुरवा समाज अध्यक्ष पप्पू राम नाग सर्व आदिवासी समाज बस्तर जिला अध्यक्ष गंगा नाग साथ सुकमा कोया समाज, धुरवा समाज, हल्बा समाज, दोरला समाज, के जिला अध्यक्ष व सभी कार्यकारणी के उपस्थिति में किया गया।सर आदिवासी समाज कार्यकारणी निम्नानुसार हैं। सर्व आदिवासी समाज ज़िला अध्यक्ष उमेश सुंडाम, सर्व आदिवासी समाज ज़िला सचिव दीपक बरसे ,सर्व आदिवासी समाज ज़िला सह सचिव सुकालु बघेल,सर्व आदिवासी समाज ज़िला कोषाअध्यक्ष राजेश नाग, सर्व आदिवासी समाज महिला प्रभाग अध्यक्ष संजना नेगी, सर्व आदिवासी समाज महिला प्रभाग सचिव निशा नाग, सर्व आदिवासी समाज महिला प्रभाग सह सचिव संगीता करटम , सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग, अध्यक्ष लच्छू नाग ,सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग, सचिव भीमा सोढ़ी,सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग सह सचिव धनीराम नाग का मनोनय सर्व सहमति किया गया

### एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को वन मंत्री एवं सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**सुकमा 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रभारी मंत्री और वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, संसदीय कार्य, कौशल विकास व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं सांसद बस्तर लोकसभा क्षेत्र महेश कश्यप ने सोमवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को ऑडिटोरियम सुकमा से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान रथ के माध्यम से वनमंडल सुकमा अंतर्गत आमजनों को निःशुल्क पौधे प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर धनीराम बारसे, हूंगाराम मरकाम, सोयम मुक्का सहित कलेक्टर हरिस.एस, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, वनमण्डलाधिकारी अशोक कुमार पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इस दौरान वन मंत्री केदार कश्यप ने आम नागरिकों सहित अधिकारी-कर्मचारियों को फलदार एवं छायादार पौधे वितरित कर पौधरोपण करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में सभी का सहयोग अपेक्षित है। हम सभी को एक पेड़ मां के नाम पर अनिवार्य रूप से पौधे लगाना चाहिए।

### अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक के लिए 26 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**सुकमा 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय शहीद बाबूराव स्नाकोत्तर महाविद्यालय सुकमा, शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय सुकमा और शहीद डेबरीधुर शासकीय महाविद्यालय तोंगपाल के विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था के लिए योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपने सभी प्रमाणपत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन 26 जुलाई 2024 को शाम 5 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में संस्था के सूचना पटल तथा महाविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड किया गया है।



**किरन्दुल 19 जुलाई।** 16 जुलाई को किरंदुल मे अगामी नगर पालिका चुनाव को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पार्टी कार्यकर्ताओं में डाली जान इसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम,माननीय चबिंद कर्मा जी,शकील रिजवी जी, वरिष्टि कांग्रेसी पपचंद जी,वीरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र तम्बो कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष राजू रेड्डी उपाध्यक्ष बालसिंह कश्यप, दिनेश, राजू कुंजाम, सुरेश पत्रे, अशोक कश्यप, गायत्री साहू, रतनी मंडावी, कीर्ती राणा, बबलू सिद्धिकी, जफर, रमेश देशमुख, दिनेश साहू, स्वरूप गोस्वामी, शेख आजाद, सरिता रेड्डी, गुलापा साहू,दुर्गा राव, येनु साहू, लीला पात्रै, कुसुम नायर, अंबेटकर, सरिता व्यापारी, मोनिका दास,वमसी, गोदावरी, दुलासिया बाई, सुबास, उग्रै... एवम समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## पोटा केबिनों की मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 19 जुलाई।** ब्लाक पदाधिकारी रामकुमार पोडियाम व जीवन बघेल ने समस्याओ को अवगत कराते हुए कहा कि आगे जिला प्रशासन समय पर निराकरण नही किया गया तो करेगे जिले भर के छात्र ,नौजवान करेगे बड़ी आदोलन, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने कहा कि छात्रो की समस्याओ को देखते समय पर निराकरण करने कि मांग को लेकर जिला प्रशासन को धरने के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया। तीनो ब्लाक की समस्याओ को प्रशासन को अवगत कराया जायेगा ।जिले मे स्कूल, आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिनों व्याप्त समस्याएँ है, छात्रो परेशानिया हो रहा है दूरदराज के छात्रो एक ब्लाक से दुसरे ब्लाक मे शिक्षण संस्थान मे प्रवेश नही दिया जा रहा है, छात्रो की अधिकार से वंचित किया जा रहा है, छात्रावासो मे सीट वृध्दि नही होने से दूर दराज के छात्रो को शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है, हमारी पांच सूत्रीय मांग किया है जिले के शैक्षणिक संस्थानो कि मूलभूत समस्याओ निराकरण करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन को अवगत किया गया। एआईएसएफ/एआईवायएफ के प्रतिनिधिगण जिला उपाध्यक्ष उमेश मरकाम, बामन कोर्राम, जितेश सोड़ी, सुजीत नाग दिनेश मुचाकी, दिनेश मरकाम, सोमडू कवासी, हरीश मरकाम रहित कार्यकर्ता छात्र छात्राए, नौजवान उपस्थित रहे।



## जिले में अधिसूचित 10 फसलों का करा सकते हैं बीमा

**सुकमा,19 जुलाई** । प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कृषि विभाग के मैदानी अमले के अधिकारियों को इस बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए सभी किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं, जिससे कि प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सकें। छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को पंजीयन कराना है। इसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। जिले में अधिसूचित फसल उगाने वाले किसान योजना का लाभ ले सकते है। ऋणी कृषक जो योजना ऋणी कृषको के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते है। उन्हे भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। कृषक द्वारा निर्धारित समय-सीमा में हस्ताक्षरित घोषणा प्रमाण पत्र जमा नही करने पर संबंधति बैंक , वित्तीय संस्थान द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत , नवीनीकृत की गई अप्लकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। अऋणी कृषक जो अधिसूचित बीमा इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी अऋणी कृषक योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होगें। इस हेतु कृषक को घोषणा पत्र के साथ फसल बुआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वाघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित वित्तीय संस्थाओं में प्रस्तुत करना होगा। कृषक अपने कृषि योग्य भूमि पर अधिसूचित फसल,फसलों के लिए केवल एक बार बीमा आच्छादन का लाभ ले सकता है। दूसरे शब्दों में योजनांतर्गत एक की रकबे हेतु एक से अधिक बार बीमा कराने की अनुमति नहीं है।

## ग्रामीणों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित करें

# जिला पंचायत सीईओ ने सिलगेर में नियद् नेल्लानार योजनांतर्गत विकास कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 19 जुलाई।** कलेक्टर श्री हरिस.एस के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन ने बीते दिन कोंटा ब्लॉक के अतिसंवेदनशील क्षेत्र सिलगेर में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सिलगेर में जागरूकता कार्यक्रम,आयुष्मान कार्ड पंजीयन,हेल्थ चेकअप कैम्प का भी जायजा लेकर ग्रामीणों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित किये जाने कहा। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करने सहित ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा, यूनिसेफ और स्वास्थ्य विभाग सहित जिला पंचायत के अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के मैदानी अमले मौजूद थे। ज्ञातव्य है कि चार दशकों से माओवाद हिंसा की मार झेल रहे सुकमा में नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने हेतु साम्यभूमि फाउंडेशन द्वारा जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ़ के सहयोग के एक दिवसीय शिविर एवं सामान्य स्वास्थ्य जाँच का आयोजन किया गया। शिविर में नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत विकास कार्यों हेतु चयनित ग्राम सिलगेर में स्वास्थय, महिला बाल विकास, एवं खाद्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का लाभ ग्रामवासियों को दिया गया।



इस मौके पर शिविर में यूनिसेफ दिल्ली से सामाजिक सुरक्षा निति की चीफ ह्यून ही बेन, इमरजेंसी स्पेशलिस्ट सरबजीत सिंह सहोता, छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक सुरक्षा विशेषज्ञ बाल पारितोष दाश एवं इमरजेंसी ऑफिसर विशाल वासवानी द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लोगों को जोड़ने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किये जा रहे शिविरों की जानकारी ली गयी। विगत दो माह से जिले के पहुंचविहीन इलाकों में कलेक्टर एस. हरिस द्वारा आधार शिविर का आयोजन किया गया एवं इससे हज़ारों लोग लाभान्वित हुए हैं। दिल्ली की टीम द्वारा जिला प्रशाशन के द्वारा आयोजित शिविरों की सराहना की गयी।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन द्वारा ग्राम पंचायत में निर्माण एवं विकास कार्यों का जायजा लिया गया एवं शिविर में आये महिलाओं एवं बच्चों से शासन द्वारा मिलने वाले योजनाओं की जानकारी ली गयी। इस दौरान शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया, एचडीएफसी प्रबंधक संतोष पात्रे,आदर्श कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग तथा साम्य भूमि फाउंडेशन के मैदानी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कासाराम के जंगलों में बने नक्सली स्मारक को पुलिस टीम ने किया ध्वस्त

**सुकमा 19 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण गंगाराम चव्हाण के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक ओर लगातार नक्सलियों के विरुद्ध प्रभावी अभियान कार्रवाई जारी है. वहीं दूसरी ओर अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों के भय व हिंसा के प्रतीक के रूप में बने वृहद स्मारकों को हटाकर स्थानीय ग्रामीणों में भी नक्सलियों के विरुद्ध जागरूकता व क्षेत्र के माहौल को भय मुक्त बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है.।इसी तारतम में कल थाना किष्टाराम के जिला पुलिस बल व डीआरजी की टीम के द्वारा ग्राम पालोडी के कसाराम जंगलों में विगत कई वर्षों से स्थापित वृहद नक्सली स्मारक को ग्रामीणों के समक्ष ध्वस्त किया गया. उक्त ग्राम में नक्सलियों के रक्तपात, भय और हिंसा का प्रतीक बन चुके उक्त स्मारक को पुलिस व ष्ठत्रन्न की टीम के द्वारा ग्रामीणों के समक्ष ध्वस्त किया गया तथा ग्रामीणों को नक्सलियों के विरुद्ध जागरूक किया गया।



**एक नजर**

## फसल बीमा के लिए 31 जुलाई से पहले करें आवेदन

**बीजापुर 19 जुलाई।** मौसम आधारित फसल बीमा योजना भारत सरकार की इस योजना को छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा खरीफ वर्ष 2024 में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में संचालित की जा रही है। खरीफ वर्ष 2024 में फसल बीमा हेतु निम्नलिखित उद्यानिकी फसलों टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद को अधिसूचित किया गया है। उक्त उद्यानिकी फसलों की बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गई है। बीमा हेतु प्रीमियम राशि कुल बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर टमाटर हेतु 6000 रूपए, बैंगन 3850 रूपए, मिर्च 4500 रूपए, अदरक 7500 रूपए, केला 8250 रूपए, पपीता 6250 रूपए एवं अमरूद 2250 रूपए, कृषकों द्वारा देय होगी। अऋणी किसान इस योजना के तहत् निर्धारित तिथि के पूर्व निकटतम बैंक शाखा / समिति / सीएससी सेन्टर / डॉकघर और राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से अपने फसलों का बीमा कर योजना का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी कार्यालय बैदरगुड़ा, पामलवाया, बीजापुर गौराबेड़ा भैरमगढ़, उसूर, पेगड़ापल्ली, भोपालपटनम एवं मो. न. 6260703107 से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## शासकीय महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याता एवं शिक्षण सहायक सहित अन्य पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 19 जुलाई।** कार्यालय शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय बीजापुर सहित वीर नांगुल दोरला शासकीय महाविद्यालय आवापल्ली, नवीन शासकीय महाविद्यालय कुटरू एवं शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय बीजापुर में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हतादारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक सहित अन्य पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों साथ 27 जुलाई 2024 सायं 5:30 कार्यालय शासकीय शहीद वेंकटराव महाविद्यालय बीजापुर में केवल रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन भेजा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के वेबसाईट gsvrpgclg.ac.in का अवलोकन किया जा सकता है।

# अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगने से दूर होगी लो-वोल्टेज की समस्या

### बिजली विभाग ने अधिक लोड वाली जगहों को चिन्हांकित कर किया काम शुरू

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव 19 जुलाई।** शहर के लोगो को अब बहुत जल्द ही लो वोल्टेज एवं अधिक भार की बिजली समस्या से मुक्ति मिलने वाली है। विद्युत विभाग ने शहर के दस से भी अधिक भार वाले ट्रांसफार्मर की जगहो को चिन्हांकित कर वहा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। शहर की पुरानी बस्ती के अलावा कोयला फैक्ट्री गली,पालीडिह,दर्रापारा,कश्मीरी गली,पुलिस थाना एवं अन्य ऐसे ट्रांसफार्मर जो अपनी भार क्षमता से भी अधिक लोड उठा रखे थे,उनका लोड कम करने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री कुलरंजन मिंज ने बताया कि 10 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर शहर की विभिन्न जगहो के लिए स्वीकृत कर दिया गया है,जिन्हे लगाने का काम भी विभाग ने शुरू कराया है,उन्होने बताया कि शहर की ऐसी अन्य जगह जहा आबादी घनी होने के बाद भी पुराने ट्रांसफार्मर से ही विद्युत सप्लाई की जा रही थी,वहा के लिए भी प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है। जल्द ही शहर के अन्य भार क्षमता वाले ट्रांसफार्मर के लिए भी अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की स्वीकृति मिल जायेगी। दरअसल लंबे अर्से से शहर को अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की बेहद सख्त आवश्यकता थी,शहर मे लगे पुराने ट्रांसफार्मर आबादी के अनुरूप विद्युत सप्लाई करने मे कमजोर साबित हो रहे थे,जिसके कारण शहर के लोगो को अक्सर गर्मी के दिनो मे परेशान होना पड रहा था,शहर के भितर लगे पुराने ट्रांसफार्मर मे लोड क्षमता अधिक पडने के कारण अक्सर उनमे आग लगने जैसी घटनायें भी हो रही थी,उसके अलावा शहर के लोग बार-बार का विद्युत विच्छेद एवं लो वोल्टेज की समस्या से जुझ रहे थे।।

**10 वर्षो में 10 गुना बढ़ी आबादी-**:शहर के भितर लगाये गये अधिकांश ट्रांसफार्मर दो दशक से भी अधिक पुराने हो चुके है। पूर्व मे लगाये गये ट्रांसफार्मर शहर की आबादी के अनुसार स्थापित किये गये थे,परंतु दस वर्षो के दौरान शहर की आबादी मे दस गुना वृद्धि हो चुकी है। दस वर्षो के अंतराल मे शहर मे दस से भी अधिक नयी कॉलोनियों का निर्माण हुआ है,जिसके कारण अब पुराने ट्रांसफार्मर लोगो की जरूरत के अनुरूप विद्युत सप्लाई करने मे कमजोर साबित हो रहे है।।

**ट्रांसफार्मर स्थापित करने में भूमि की आ रही अड़चन-**:एक ओर शहर की आबादी को अपने घर या प्रतिष्ठान मे भरपूर विद्युत व्यवस्था चाहिये,तो वही दूसरी ओर किसी भी निजी जमीन मे विद्युत विभाग को अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने के लिए भूमि नही दी जा रही। विद्युत विभाग के सहायक यंत्री नंदलाल भारद्वाज ने बताया कि शहर मे विद्युत की समस्या एवं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग को देखते हुये विभाग ने दस से भी अधिक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्वीकृत किये है,जिस पर विभाग काम भी शुरू कर दिया है,परंतु कई जगह लगने वाले ट्रांसफार्मर को भूमि नही दी जा रही,जिसके कारण विभाग को अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने मे काफी परेशानी हो रही है। उन्होने अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगने वाली जगहो के भूमि स्वामी को विभाग का सहयोग करने की अपिल की है।

# बांधा तालाब परसट्टी की धरोहर, गिरते भू जल स्तर में भी दे रहा राहत



**धमतरी 19 जुलाई।** कुरुद विकासखंड के ग्राम पंचायत परसट्टी में पारम्परिक जलागम, गांव की मिट्टी की मिजाज, स्थानीय जलवायु के अनुरूप बांधा तालाब नवीनीकरण सह रिटर्निंग वाल का निर्माण किया गया है। भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ किसानों को सिंचाई सुविधा हेतु पानी मिल ही जाता है। स्थानीय मछुआरा समूह को मछली पालन एवं सिंघाड़ा की खेती हेतु लीज पर दिया गया, ताकि समूह आजीविका के प्रति आत्मनिर्भर बन सके।

ग्राम पंचायत परसट्टी में बांधा तालाब का निर्माण वर्ष 2024-25 में किया गया। इसके लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत राशि 9 लाख 73 हजार रूपये की स्वीकृति दी गई। 20 एकड़ क्षेत्र में फैले बांधा तालाब को चारों ओर से पींचिंग कर सुदृढ़ और मजबूत बना दिया गया। आजकल सिंचाई एवं जल संरक्षण के कार्यों के लिए विभिन्न परियोजनाएं संचालित है। शासन स्तर से पंचायत एवं ग्रामीणजनों को पारम्परिक जल स्त्रोत को संरक्षित करने आह्वान किया जा रहा है। परसट्टी का बांधा तालाब जल संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। घटते जल स्तर के बावजूद भीषण गर्मी में ग्रामीणों को निस्तार सुविधा सहित संकट से मुक्ति दिलाया है। बांधा तालाब गांव की धरोहर है। आज पंचायत में इस धरोहर को सहेजने की जरूरत है। नमी के कारण जल स्तर में स्थिरता रहेगी वहीं हेडपंप, कुंआ धरातल पर दिखाई देगी।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच श्री कुबेर सिंह ध्रुव ने बताया कि-ग्रामीणजनों की निस्तारी सुविधा, जमीन की नमी को सहेजने सहित पर्यावरणीय संरक्षण के लिए बांधा तालाब का निर्माण सकारात्मक सोच का प्रतिफल है। निकट भविष्य में मछली पालन, मखाना, कमल जैसे उत्पादों के उगाने की संभावना आर्थिक दृष्टि से बढ़ जाती है। धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने में बांधा तालाब का जल अमृत का काम कर रहा है। जल की एक-एक बूंद को सहेजने में ग्रामीणजन, सरकारी महकमों के बजाय में स्वनिर्णय लें तो निश्चित रूप से हमारा सरोवर धरोहर के रूप में गांव की पहचान को कायम रखेगी।

रोजगार सहायक श्री यादेश्वर साहू ने बताया कि-बांधा तालाब वर्तमान समय की आवश्यकता से अवगत कराता है। हमें जल की एक एक बूंद को बचाना होगा। जल संकट की गंभीरता को देखते हुए जल संरक्षण के लिए तालाब का होना निहायत जरूरी है तभी जलस्त्रोत से आसपास की भूमि में नमी रहेगी।

ग्रामीणों द्वारा ग्रामीण विकास समिति के श्री चन्द्रशेखर साहू, लाला राम साहू, रोहित तारक, भूषण तारक, कन्हैया तारक, देवेन्द्र साहू, वामन साहू को मछली पालन हेतु लीज पर दिया गया है। बांधा तालाब में प्रथम बार 1000 किलोग्राम के मछली उत्पादन से आर्थिक रूप से सम्मुन्नत हुए हैं। अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर साहू ने बताया कि-मछली उत्पादन से आजीविका संवर्धन में वृद्धि हुई है।

**समाचार संक्षेप**

## बीजापुर जिले में शहीद हुए जवानों को मौन धारण कर दी गई श्रद्धांजलि



**बीजापुर 19 जुलाई।** बीजापुर-सुकमा सीमा पर हुए माओवादी हमले में शहीद हुए एसटीएफ के वीर जवानों को जिला कार्यालय के इंद्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय,अधिकारी एवं कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर दी विनम्र श्रद्धांजलि। ज्ञात हो कि जिला बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा के मध्य सीमावर्ती एरिया में लगातार दरभा डीवीजन, पश्चिम बस्तर डिविजन व मिलेट्री कंपनी नंबर 02 के माओवादियो की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर 16 जुलाई 2024 को संयुक्त अभियान पर उक्त जिलों से एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा, सीआरपीएफ की टीमों को विशेष अभियान में गई थी। अभियान के दौरान 17 जुलाई के रात्रि 10 बजे थाना तर्रेम एरिया में मंडीमरका के जंगलों में आईईडी विस्फोट से एसटीएफ बल के 02 जवान आरक्षक सत्तेर सिंह निवासी ग्राम बम्हनी, बाकुलवाही जिला नारायणपुर और आरक्षक भरत लाल साहू, निवासी लक्ष्मीनगर मोवा जिला रायपुर शहीद हो गए। इसके अलावा 04 जवान प्रधान आरक्षक पुरषोत्तम नाग, आरक्षक संजय मंडावी, आरक्षक कोमल यादव, आरक्षक सियाराम शोरी घायल हो गये है। घायल जवानों का उपचार जारी है और स्थिति सामान्य है।

## शासकीय कार्यों में अनाधिकृत रूप से बाधा डालने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई: कलेक्टर



**बीजापुर 19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन के ध्येय वाक्य के साथ अधिकारी-कर्मचारियों को कार्य करने के लिए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने निर्देश दिए जिससे विधिपूर्वक कार्य से सर्वसाधारण को सुविधाएं प्राप्त हो रही है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध शिकायत होती है तो शासकीय स्तर पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। समय-समय पर अनुज्ञा जारी करने के दौरान सूचना भी दी जाती है। किसी व्यक्ति को यह अधिकार नहीं कि वह किसी कार्य का निरीक्षण के नाम पर भयादोहन करें। कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न ले यदि किसी व्यक्ति द्वारा कानून के विरूद्ध कार्य किया जाता है तो उसके खिलाफ विधिपूर्ण कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## नगर में धूमधाम से निकाली गई बाहुड़ा यात्रा

**महासमुंद 19 जुलाई।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में बाहुड़ा यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ। भगवान जगन्नाथ, भैया वलभद्र एवं बहन सुभद्रा अपने मौसी माँ के घर से विदा होकर 11 दिन बाद बड़े धूमधाम से गाजे बाजे के साथ रथ में सवार होकर अपने मंदिर में वापस विराजित हुए। छग करण महांती समाज मां तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 2 दिवसीय कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष 16 जुलाई 2024 मंगलवार को भगवान जगन्नाथ के रथ को दलदली रोड स्थित जोशी निवास स्थान से सुभाष नगर के उत्कलवासियों की बस्ति होते हुए जगन्नाथ भवन में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को स्थापित किया गया। रात में आरती के पश्चात समाज के कलाकारों द्वारा नृत्य-गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

# नपा अध्यक्ष राशि के बाईपास मार्ग अभियान को सब्जी व्यापारी संघ ने दिया समर्थन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद 19 जुलाई।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर बाईपास मार्ग निर्माण के माँग पत्र सौपे जाने के पश्चात दिल्ली वापस लौटते ही अनेक व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने नपाध्यक्ष के इस कार्य को सराहनीय व जनहित पहल बताते हुए उनके अभियान को समर्थन देने की घोषणा की है। बुधवार को बिन्नी बाई सब्जी बाजार के थोक व चिल्हर सब्जी विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष संतोष चंद्राकर ने पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग को बाईपास निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर से बाईपास सड़क निर्माण की बात रखने और शहर के लिए उक्त अभियान को शुरू करने के लिए सब्जी व्यापारी संघ ने नपाध्यक्ष को समर्थन पत्र देकर अपना समर्थन दिया। इस दौरान उनके साथ नपाध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा और युवा नेता अरिश अनवर मौजूद रहें। नपाध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से मुलाकात व बाईपास मार्ग निर्माण मांग पत्र सौपे जाने की खबर अखबारों व सोशल मीडिया में प्रकाशित होने के बाद नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग को अनेक व्यापारिक संगठन, सामाजिक संगठनों व विभिन्न समाजजनों ने फोन और उनके निवास पहुंचकर उनके इस अभियान के लिए बधाई दी। सभी संगठनो ने श्रीमती महिलांग को बाईपास निर्माण कार्य प्रारंभ होने तक इस अभियान के प्रत्येक चरणों मे समर्थन देने की घोषणा की। समर्थन के लिए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने सभी संगठनों का आभार मानते हुए कहा कि वे एक राजनैतिक दल से जुड़ी एक कार्यकर्ता है। पर उनका यह अभियान विशुद्ध रूप से गैर राजनैतिक अभियान होगा व शहर के प्रत्येक लोगो को जोड़कर उनकी अहम भागीदारी होगी।

# 27 को टाउनहॉल में महिलाओं का फुर्सत के पल कार्यक्रम का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद 19 जुलाई।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में सावन उत्सव आयोजन समिति द्वारा आगामी 27 जुलाई को शहर के टाउनहॉल में महिलाओं के लिए सावन उत्सव की जगह ÷फुर्सत के पल÷ कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को नगर पालिका कार्यालय स्थित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम के आयोजन समिति की महिलाओं ने तय किया है कि फुर्सत के पल कार्यक्रम में महिलाओं के लिए एकल नृत्य, समूह नृत्य, खेल-कूद समेत अन्य आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि फुर्सत के पल का कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को एक दिन कामकाज से राहत देते हुए पूरा दिन मौज-मस्ती किया जाए। इसी ध्येय को लेकर सावन में सावन उत्सव की जगह पर उत्सव को ÷फुर्सत के पल÷ नाम दिया गया है। श्रीमती महिलांग ने आयोजन में शहर की महिलाओं को बड़ी संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। बैठक में पार्षद श्रीमती माधवी सिक्का, श्रीमती निरंजना चंद्राकर, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती राजश्री ठाकुर, श्रीमती सुधा रात्रे, श्रीमती ईशा टण्डन, सुलेखा शर्मा, श्रीमती शबनम धनवानी, श्रीमती चांदनी बानो, प्रिया मदनकर, श्रीमती डॉली मदनकर, श्रीमती संगीता मदनकर, श्रीमती राघनी चंद्राकर, श्रीमती राखी ठाकुर, श्रीमती सम्पा बोस, श्रीमती रूबी मिश्रा, श्रीमती ममता बग्गा, श्रीमती प्रेमशीला बघेल, कैलाश पटेल और रुकसार बानो उपस्थित रहें।



## इन्द्रावती टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से विस्थापित ग्रामीणों को जल्द मिलेगी क्षतिपूर्ति की राशि

**बीजापुर 19 जुलाई।** 16 जुलाई 2024 को प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के इन्द्रावती टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से विस्थापित ग्रामीणों हेतुक्षतिपूर्ति/मुआवजा की जानकारी वन विभाग इन्द्रावती टाईगर रिजर्व के उप संचालक श्री संदीप बल्गा आईएफएस द्वारा दी गई। वर्तमान में प्रति परिवार के वयस्क सदस्यों हेतु प्रति सदस्य 15 लाख रुपए है।प्रारंभिक जानकारी अनुसार इस क्षेत्र में 22 गांव जो मुख्यतः भोपालपटनम अनुविभाग से संबंधित है इस संबंध में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा जानकारी दी गई कि इन्द्रावती राष्ट्रीय उद्यान्न की स्थापना 1981 में हुई तथा इसका उन्नयन इन्द्रावती टाईगर रिजर्व के रूप में 2009 में किया गया। इतने लंबे कार्यकाल से इस क्षेत्र के वनवासी अपने अधिकारों से कतिपय कारणों से वंचित रहे किन्तु मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णुदेव साय के सुशासन तथा वन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशों से इन वनवासियों का लंबित क्षतिपूर्ति हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिसके प्रथम चरण में संबंध में विस्तृत विज्ञापन भी प्रकाशित किया जाएगा जिससे इन गांवों के पूर्व निवासियों द्वारा अपने दस्तावेज आदि का राजस्व अधिकारी से अभिप्रमाणित कराने के पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।यह उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में यह कार्य नियत समय सीमा के भीतर संपादित किया जावेगा। लगभग 500 परिवारों के लगभग 2000 वयस्क सदस्य संख्या अनुसार प्रति वयस्क 15 लाख की राशि भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी जो लगभग 300 करोड़ होगी।शेष 56 ग्रामों के लिए द्वितीय चरण में ये योजना लागू होगी। इस क्षेत्र के वन वासियों से अनुरोध है कि वे अपने मूल दस्तावेज संभाल कर रखें।

# सावन की बरसे बदरिया, चलो बाबा की नगरिया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया 19 जुलाई।** प्राचीन ग्रंथो एवं पुराणो में बाबा बैद्यनाथ का विषेष महत्व है और सावन के महीने में जो पैदल यात्रा कर गंगा जल चढ़ाकर बाबा को रिझाता है उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। हर साल खरसिया एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से हजारो बोलबम भक्त अपने-अपने ग्रुप के साथ बाबा का जलाभिषेक करने देवघर जाते है और जो एक बार बाबा की यह अलौकिक यात्रा कर लेता है वह हर वर्ष बेसब्री से सावन का इंतजार करता है एवं सुल्तानगंज से देवघर की इस पैदल यात्रा में बाबा की मस्ती में झूमने लिए बेकरार रहता है। भक्तो सुल्तानगंज से बाबा बैद्यनाथ धाम की कांवड़ यात्रा विष्व में एक ऐसी अलौकिक कांवड़ यात्रा है जिसमें रोजाना लाखो लोग सावन के महीने में लगातार चलते है और बाबा को जल चढ़ाकर अपने मनोरत पूर्ण करते है। हिन्दुस्तान में षिव भोले की कांवड़ यात्रा तो अनेक तिर्थो से प्रारम्भ होती है तथा बाबा को जल चढ़ाया जाता है किन्तु बाबा बैद्यनाथ जैसी कांवड़ यात्रा आपने न तो कही देखी होगी और न कही सुनी होगी। जीवन में एक बार अवष्य बाबा बैद्यनाथ की कांवड़ यात्रा में षामिल होवें।

**औघड़दानी भी कर रहे अपने भक्तो का बेसब्री से इंतजार :** जैसे भक्त अपने प्रभु षिवषंकर, बाबा बैजु, नीलकंठ, भूतनाथ एवं जिनके अनंत नाम है उस देवादि देव महादेव के दीदार के लिए आतुर रहते है वैसे ही श्रावण मास आते ही बाबा भोले को भी अपने भक्तो के आने का इंतजार रहता है और छत्तीसगढ़ के बम भाईयों के उपर तो बाबा की विषेष कृपा रहती है।



अषोक अग्रवाल (पत्रकार)- बाबा भोलेनाथ के आर्षीवाद एवं विषेष कृपा से लगातार 36वें वर्ष भी बाबा बैद्यनाथ की कांवड़ यात्रा में परिवार सहित जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बाबा बैद्यनाथ एवं बाबा बासुकीनाथ बोलबम कांवड़िया भक्तो के सभी मनोरथ पूर्ण करते है। बाबा की असीम कृपा से ही मुझे सब कुछ प्राप्त हुआ है तथा वर्षो बाद मुझे पुत्र रत्न की प्राप्ति भी बाबा की असीम कृपा से हुई है। बाबा बैद्यनाथ धाम की पैदल यात्रा अलौकिक यात्रा है। बाबा बैद्यनाथ जैसा धाम पुरे संसार में कही भी नही है। वहां जाने से परम आनंद की प्राप्ति होती है। फैमिली कांवड़िया संघ खरसिया की ओर से इस वर्ष भी 82 से अधिक बोल बम साथी 05 अगस्त को बाबा के दीदार के लिए रवाना होंगे।

सुनील बंसल- वैसे तो साल के 12 महीने भगवान भोलेषंकर की पूजा अर्चना की जाती है किंतु श्रावण माह में भगवान षंकर की पूजा अर्चना को विषेष महत्व दिया गया है। मै सावन महिने में बाबा बैद्यनाथ धाम में जैसे ही कांवड़ चढ़ाता हूं मुझे पुनः सावन माह की प्रतिक्षा होने लगती है। बाबा की कृपा से इस वर्ष 38वीं कावड़ चढ़ाने का सौभाग्य मिला है।

सुभाष पप्पू ठेकेदार- मुझे बाबा बैद्यनाथ की कांवड़ यात्रा का साल भर जुनुन रहता है। इस वर्ष 38वीं कांवड़ चढ़ाने का सौभाग्य मिला है। बाबा बैद्यनाथ की विषेष कृपा से मुझे वह सब कुछ मिला है जो मुझे और मेरे परिवार को चाहिए। बाबा के आर्षीवाद से मै परिवार सहित प्रत्येक वर्ष कांवड़ चढ़ाता हूं। बाबा से मेरी प्रार्थना है कि जीवन भर मुझे यह अवसर प्रदान करते रहें। आप सभी से मेरा आग्रह है कि एक बार बाबा की कांवड़ यात्रा का आनंद जरूर उठायें।

रतन अग्रवाल- नवयुवक कांवड़िया संघ विगत 37 वर्षो से बाबा की नगरी बैद्यनाथ धाम जाते है और 100 कि.मी. के लगभग पैदल कांवड़ लेकर यात्रा कर बाबा भोलेनाथ को अरदास लगाते है कि बाबा भोलेनाथ हमारे खरसिया नगर की खुषहाली के लिए अपना आर्षीवाद हमेषा बनाये रखना।

बन्टी सोनी- विगत 35 वर्षो से प्रतिवर्ष बाबा की कांवड़ उठाकर जलाभिषेक करते आ रहे है। बाबा बैद्यनाथ से यही प्रार्थना करते है बाबा नगर में सुख समृद्धि बनाये रखे एवं हमारी सभी मनोकामना पूर्ण करें।

राजेष घन्सु- सावन आते ही मेरे मन में सेवा की भावना उत्पन्न हो जाती है और कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। मै सावन महिना का बेसब्रीं से इंतजार करता हूं और बाबा का दर्षन करने हम पूरी टोली के साथ बैद्यनाथ धाम जाते है।

सौरभ मोन्टी- भोलेनाथ के आर्षीवाद से 17वें वर्ष बाबा की कांवड़ चढ़ाने का सौभाग्य मुझे मिला है एवं इस वर्ष भी बैजु कांवड़िया संघ खरसिया के 80 कांवड़ियों के साथ बाबा के दरबार पहुंचकर बाबा का जलाभिषेक करेंगे। बाबा से प्रार्थना है कि सभी कांवड़िया बंधुओ की मनोकामना पूर्ण करें।

प्रदीप बाराद्वार- बाबा बैद्यनाथ के विषेष आर्षीवाद से इस वर्ष बाबा की 29वीं कांवड़ चढाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बाबा की इस कांवड़ यात्रा में 100 कि.मी. पैदल चलने के बाद जब बाबा को गंगा जल चढ़ाता हूं तो जो मन में अनूभूति प्राप्त होती है उसे षब्दो में बताया नही जा सकता। मैं बाबा से प्रार्थना करता हूं की हमारी बाराद्वार नगरी से जाने वाले एवं अन्य बोल बम कांवड़िया साथियों के सभी मनोरथ पूर्ण करें।

बसंत अग्रवाल (कांसाबेल) बिलासपुर- बाबा बैजु के आर्षीवाद से इस वर्ष बाबा को 27वीं कांवड़ चढ़ाने जा रहा हूं, और आपको यह बताना चाहता हूं की सभी के लिए सन्यासी या साधु बनना संभव नही है लेकिन 5 दिन की इस कांवड़ यात्रा में साबुन, तेल, कंघी, षीषा, गद्दा एवं अन्य सांसारिक वस्तुओं का पूर्णतः त्याग करते है और निस्वार्थ भाव से बाबा की कांवड़ चढ़ाते है और साल में यही 5 दिन हम सन्यासी वाली जिंदगी जीते है। मेरा यह मानना है की वर्ष में एक बार इस 100 कि.मी. की अकाल्पनिक पैदल यात्रा से षरीर भी स्वस्थ रहता है और मन की भी सारी दुविधाएं दुर हो जाती है।

विधी आषीष बंसल कोरबा- मेरे ऊपर तो बाबा की हमेषा ऐसी कृपा रही की मैने जब से जन्म लिया बाबा के दरबार में जाती रही। मेरे विवाह से पूर्व मैने 12 कांवड बाबा को अर्पण की, यह उसी का प्रताप है कि मैने जैसा वर मांगा वह पाया तथा बाबा ने हमेषा मेरी झोली भरी। लेकिन कई वर्षो से बाबा का बुलावा नही आरहा था किन्तु बाबा ने फिर से कृपा करी और विगत 2 वर्षो से मैं बाबा को कांवड़ चढ़ाने जा रही हूं। मेरी बाबा से बस अब यही प्रार्थना है की वह जीवन मे कम से कम एक बार सभी को यह अवसर प्रदान करें।

राखी आनंद नहाडिया रायगढ़- सावन महीना षिव जी के साथ ही षिव भक्तो के लिए भी खास होता है। इस माह में कांवड़ यात्रा का विषेष महत्व रहता है। इस कांवड यात्रा की विषेष बात यह है कि यहां भक्त ऊंच-नीच, जात-पात, अमीर-गरीब के भेदभाव से परे एक परिवार की तरह मस्ती में नाचते-गाते कब देवघर पहुंच जाते है पता ही नही चलता यह सब बाबा की कृपा और फैमिली कांवडिया संघ खरसिया का प्यार एवं सुपर मैनेजमेंट और सभी कांवडिया भाईयो का आपसी सहयोग और सामंजस्य ही होता है। फैमिली कांवडिया संघ खरसिया जैसे सुपर ग्रुप के साथ हमे 10 साल बाबा की कांवड चढ़ाने का सौभाग्य मिला। ये बाबा की विषेष कृपा है।

# कर्मचारी कर रहे काली पट्टी बांधकर कार्य

## 22 जुलाई को प्रदेश में कलमबद्ध हड़ताल व धरना-प्रदर्शन की तैयारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा, 19 जुलाई।** महासंघ एवं नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेश के 184 नगरी निकाय के कर्मचारियों ने प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान को लेकर काली पट्टी लगाकर निरोध प्रदर्शन किया गया है इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव, प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजेश सोनी, मुकेश तिवारी, संदीप चंद्राकर, ऋषभ ठाकुर एवं जिला के अन्य पदाधिकारी ने बताया है कि छत्तीसगढ़ के नगरी निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है वर्तमान की स्थिति में लगभग सभी नगरी निकायों में विगत एक से चार माह का वेतन भुगतान हेतु लंबित है इस संबंध में ना तो निकाय ध्यान दे रहा है ना ही शासन द्वारा वेतन लंबित होने के कारण निकाय के कर्मचारियों की आर्थिक एवं मानसिक स्थिति खराब हो गया है जिसके कारण बच्चे की पढ़ाई पर भी असर पढ़ रहा है इस संबंध में बताया गया है कि वेतन समस्या का निराकरण किया जाने हेतु विभागीय संचालक, सचिव, विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया है किंतु शासन द्वारा इस संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है सोनी ने बताया कि वेतन न मिलने के कारण प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर शासन के रवैया के कारण विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है दिनांक 22 जुलाई को प्रदेश में कलमबद्ध हड़ताल किया जायेगा तथा दिनांक 29 जुलाई को प्रदेश के संपूर्ण नगरी निकाय के द्वारा अपने-अपने जिला स्तर में धरना प्रदर्शन करेंगे। सोनी ने कहा है कि इसके पश्चात भी कर्मचारियों के मांगों के संबंध में शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं करता है तो संघ द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। कार्यालय नगर पंचायत छुरा में जितेंद्र पाटकर, वीरेंद्र ठाकुर, नरेश ध्रुव, कृष्ण कुमार वैष्णव, नामेश साहू एवं अन्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया।

## समाचार संक्षेप

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, यूनिफार्म किया वितरित



**भाटापारा, 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज भाटापारा के सदस्यों के द्वारा संस्कार ज्योति विद्या मंदिर रोहरा के बच्चों को बैग, किताबे, यूनिफॉर्म, टिफिन, पानी, बॉटल, चाकलेट का वितरण किया गया इस दौरान अध्यक्ष अटलबिहारी त्रिवेदी, सचिव अजयकांत शुक्ला, बसंत पाण्डेय, रामकृष्ण शुक्ला, प्रकाश तिवारी, मनोज मिश्रा, देवकांत मिश्रा, मनीष मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

### सावन के पहले सोमवार को भेंडरवानी में होगा नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा



**भखारा, 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भखारा अंचल के ग्राम भेंडरवानी मे समस्त ग्राम वासियों एवं दानदाताओं के सहयोग से ग्राम के पुराना तालाब मे नवनिर्मित मंदिर मे नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना की जाएगी।प्रथम दिवस रविवार 21 जुलाई को 1 बजे भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा गली भ्रमण करेगी, साथ में सावन माह के पहले सोमवार 22 जुलाई को सुबह से ही नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा ग्राम भेंडरवानी मे नवनिर्मित मंदिर में प्रारंभ होगी।चर्चा के दौरान शिक्षक लालजी साहू ने बताया की समस्त श्रद्धालु भक्तगण एवं ग्रामवासी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे उपस्थित होकर अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने, साथ ही कोई परिवार के सज्जन माता बहन को स्वयं से शिव प्रसादी के रूप में भोजन खीर पूड़ी उक्त अवसर मे मंदिर प्रांगण मे बाटना के इक्षुक है तों वितरण कर सकते है। और भगवान नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे अपनी उपस्थिति प्रदान करनें ग्राम वासियो से निवेदन किया गया है।

## एक नजर

### कलेक्ट्रेट आगजनी घटना में शामिल शिक्षक मोहन बंजारे निलंबित

**बलौदाबाजार, 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत 10 जून को संयुक्त जिला कार्यालय में हुई आगजनी के अभियुक्त शिक्षक मोहन बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मोहन बंजारे व्याख्याता (एल.बी.) के रूप में शा.उ.मा.वि गोड़ा विकासखण्ड पलारी में पदस्थ थे। उनके विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध कमांक 381/2024 धारा 147, 148, 149, 294, 506, 186, 353, 332, 307, 435, 120बी, 427 भादवि सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3, 4 के अन्तर्गत दिनांक 15 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक रिमाण्ड पर लिया गया है।

### थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार, 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए 4 से 12 दिसम्बर तक जिला रायगढ़ में शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में जिले के ऐसे सफल अभ्यर्थियों को 1.6 किमी. दौड़, बीम पुल अप, 9फीट गड्ढा कूदना, बैलेंसिंग बीम में चलना इत्यादि नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जायेगा। नि:शुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षण प्राप्त करने के लिए सफल अभ्यर्थी अपना नाम, पता, ब्लॉक, तहसील, मोबाइल नं. एवं अग्निवीर थल सेना का पंजीयन क्रमांक की जानकारी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलौदाबाजार में 30 जुलाई तक कार्यालय में उपस्थित होकर या कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07727- 299443 के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज करा सकते है। ताकि शारीरिक परीक्षा की तैयारी के लिए नि:शुल्क परीक्षण प्रदान किया जा सके।

### तोड़फोड़ व आगजनी में शामिल दो और आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 19 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 10 जून को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्यवाही करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है।। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन करने वाले, पत्थरबाजी करने एवं तोड़फोड़ में शामिल आरोपियों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। जिसके तहत पुलिस द्वारा आज दिनांक 18.07.2024 को प्रकरण में शामिल ग्राम छुईहा (मालगुजारी) निवासी 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# नगर पालिका वार्ड परिसीमन को लेकर कांग्रेसियों ने बोला हल्ला

## 2 घंटे तक गहमा गहमी का माहौल, विधायक इन्द्र साव ने आपत्ति कराई दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 19 जुलाई।** आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर शासन स्तर पर शुरुवाती तैयारी चालू हो गई है, जिसके लिए निकाय के सभी वार्डो में मतदाताओं की संख्या बराबर रखने सहित रेलवे ब्रिज, सड़क पार ना करते हुए मतदाताओं की संख्या बराबर रखने के स्पष्ट निर्देश के बाद भी शहर में पालिका द्वारा किए गए परिशमन को नियम विरुद्ध बताते हुए नगर के कांग्रेस जनों ने गुरुवार को एस डी एम कार्यलय पहुंच कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है।इस दौरान लगभग 2 घंटे तक वहा गहमा गहमी का माहौल था। वही एसडीएम ने शिकायत की गंभीरता को लेकर पालिका के परिसीमन नोडल अधिकारी अजय नायडू को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए शुक्रवार को नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है।

उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार स्थानीय कांग्रेसजनों ने गुरुवार को विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में एस डी एम कार्यलय पहुंचकर शासन के स्पष्ट निर्देश के बाद भी गलत तरीके से हुए वार्डो के परिसीमन को लेकर अपनी नाराजगी जताते लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है। शिकायत कर्ताओं का कहना है वार्ड परिसीमन में शासन के द्वारा दी गई गाइड लाइन को दर किनार करते हुए अपनी मर्जी से वार्डो का परिसीमन कर दिया गया है।इन परिसीमन को देखने के बाद किसी वार्ड के मतदाताओं की संख्या मात्र 1000 है तो वही दूसरे वार्डो की जनसंख्या 1600 तो किसी वार्ड में 2000 से ऊपर भी है।आपत्तिकर्ताओं का ये कहना है कि अनेको वार्डो के लोगो को सड़क पार करते हुए अपनी मर्जी से दूसरे वार्ड में जोड़ा गया, वही रेलवे के वार्ड के लोगो को भी विभाजित कर आधा आधा कर दिया गया। शिकायत कर्ताओं के मुताबिक 1 नंबर वार्ड में सड़क क्रॉसिंग कर वार्ड नंबर 8 के लोगो को जोड़ दिया गया।वार्ड नंबर 10 के हिस्से को वार्ड नंबर 13 में जोड़ा गया।वार्ड नंबर 12 के हिस्से को वार्ड नंबर 16 में जोड़ा गया।14 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क क्रॉस कर 19 नंबर वार्ड में, वार्ड नंबर 16 और 17 का हिस्सा को वार्ड 21 में, 29 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर वार्ड नंबर 31 में उसी तरह वार्ड नंबर 30 के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर 29 नंबर वार्ड में जोड़ दिया गया है, जो बिल्कुल ही शासन की गाइड लाइन का उल्लंघन है।

इस संबंध विधायक इंद्र साव ने कहा कि नियम विरुद्ध नगरीय क्षेत्रों का परिसीमन हुआ है, जिसकी लिखित में शिकायत और आपत्ति दर्ज करा दी गई है।इस परिसीमन को देखने के बाद ऐसा लगता है कि किसी के इशारे या बोलने पर बिना मौका गए अधिकारियों और मातहत कर्मियों ने परिसीमन तय कर दिया गया है। इस दौरान एस डी एम कार्यलय में लगभग 2 घंटे तक कांग्रेस जन और वार्ड वासी उपस्थित थे। वही कांग्रेस जनों के द्वारा की गई आपत्ति पर पालिका के नोडल अधिकारी अजय नायडू को एस डी एम ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए शुक्रवार को जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# होटल, ढाबा और ठेलों में शराब पीने सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों पर कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 19 जुलाई।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा होटल, ढाबा, ठेला आदि में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों एवं अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। 17 जुलाई को शराब पीने, बैठने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने वाले कुल 06 होटल, ढाबा, ठेला, चखना सेंटर संचालकों पर कार्यवाही की गई। अभियान में सार्वजनिक स्थानों पर नशापन एवं शराब पीने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई( जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 17 जुलाई को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 06 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना भाटापारा शहर द्वारा 05 आरोपी, थाना कसडोल द्वारा 01 आरोपी को अपने होटल, ढाबा, ठेला में अवैध रूप से लोगों को सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है।

# न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष बाजपेयी पहुंचे बलौदाबाजार, अमर गुफा का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 जुलाई।** जिले के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने की जांच औपचारिक तौर पर आज से शुरू हो गई. घटना की जांच करने न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी बी बाजपेयी बलौदाबाजार पहुंचे.उन्होंने सबसे पहले कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से घटना के संबध में विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर पहुंचे वह अपर कलेक्टर कार्यालय में दस्तावेज देखकर अपर कलेक्टर को तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। बाजपेयी ने कहा कि अभी तो हम यहां व्यवस्था देखने आए हैं. बलौदाबाजार में ही जांच आयोग बैठेगी. सभी पक्षों से शपथ पत्र में जानकारी लेंगे. इसके बाद प्रति परीक्षण और बयान की कार्रवाई आगे होगी इसके साथ न्यायालय परिसर का भी चिन्हाकन आज किया जाएगा। इसके बाद बाजपेयी इसके बाद ग्राम वह महकोनी स्थित अमर गुफा में स्थित घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही बलौदाबाजार पीठ की सुनवाई होगी इसके लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में कक्ष आबंटित कर दिया गया है। जिसमें कक्ष क्रमांक 1 न्यायमूर्ति सी.बी. बाजपेयी, सेवानृत्ति न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर, 2 न्यायालयीन उपयोग हेतु एवं 3 न्यायिक जांच आयोग के स्टॉफहेतु आबंटित किया गया है।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक/ / तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 14/05/2024
रा.प्र.क्र......../ब-121/2024
ग्राम- भोथीडीह प.ह.नं. 18

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक पुनीत राम यादव पिता स्व. गंगू यादव निवासी ग्राम भोथीडीह थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी चाचा गंगा राम पिता स्व. कोंदा का (मृत्यु) दिनांक 10/12/1992 को ग्राम भोथीडीह में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 25/07/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

क्रमांक/ /तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 14.05.2024
रा.प्र.क्र........../ब-121/2024
ग्राम- भोथीडीह प.ह.नं. 18

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक पुनीत राम यादव पिता स्व. गंगू यादव निवासी ग्राम भोथीडीह थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी चाची सुकवारो पति स्व. गंगाराम का (मृत्यु) दिनांक 18/03/1997 को ग्राम भोथीडीह में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 25.07.2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सिमगा**

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर**
प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पुर्व कार्नर) सेक्टर 27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन न.: 0771-4016094, E-mail id:-em_zone2@yahoo.com

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित घरमपुरा रायपुर में **ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट 38/05, श्री टिकेश्वर कुमार वर्मा पिता श्री बलराम सिंह वर्मा,** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद मे पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक **22.02.2012** को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4511 दिनांक 22.09.2012 आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा भारतीय स्टेट बैंक राजनांदगांव से सहायता प्राप्त कर उक्त प्रकोष्ठ को क्रय किया गया है। वर्तमान में शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक राजनांदगांव के पत्र दिनांक 07.03.2024 के माध्यम से अवगत कराया गया है, कि श्री टिकेश्वर कुमार वर्मा पिता श्री बलराम सिंह वर्मा के द्वारा लोन नही पटाने पर खाता एनपीए हो गया है। बैंक द्वारा मकान को कुर्की करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः धरमपुरा रायपुर में **ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट 38/05,** को **शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक राजनांदगांव द्वारा विक्रय** के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर, अटल नगर

**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेल भर्ती सेल, मध्य रेल**
सीपीएम कन्वर्जन कार्यालय भवन, पी. डी'मेलो रोड, वाडीबंदर, मुंबई - 400 010,

**सांकेतिक अधिसूचना**
रोजगार सूचना संख्या आरआरसी/सीआर/01/2024
दिनांक 20.07.2024
"वर्ष 2024-25 के लिए खुले विज्ञापन खेल कोटा के तहत भर्ती"

मध्य रेलवे वर्ष 2024-25 के लिए खुले विज्ञापन खेल कोटा के अंतर्गत समूह 'सी' के 21 पदों और खेल कोटा के 41 (तत्कालीन समूह 'डी') पदों को भरने के लिए पात्र खिलाड़ियों, जो भारत के नागरिक हैं, से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| लेवल / ग्रेड पे | पदों की संख्या |
|---|---|
| लेवल 5/4 GP (Rs. 2800/Rs.2400) | 05 |
| लेवल 3/2 GP (Rs. 2000/Rs.1900) | 16 |
| लेवल 1 GP(Rs. 1800) | 41 |
| Total | 62 |

ऑनलाइन आवेदन के लिए खुलने की तिथि और समय: **22.07.2024** को **10.00** बजे. ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय: **21.08.2024** को **18.00** बजे. विस्तृत अधिसूचना के लिए कृपया आरआरसी/सीआर की वेबसाइट **www.rrccr.com** पर जाएं, जो 22.07.2024 से उपलब्ध होगी। **AK-265**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)**
कार्यालय 07853220127, Email Id:- nagarpanchayatbijapur@rediffmail.com

क्रमांक/250/राज.शा./न.पा.परि./2024-25 — बीजापुर, दिनांक 27/06/2024

**-:::सूचना:::-**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद बीजापुर में प्रस्तुत प्रकरण जिसमें परिषद् बैठक दिनांक 27.06.2024 के प्रस्ताव क्रमांक 10 एवं संकल्प क्रमांक 10 के निर्णय अनुसार नीचे दर्शित आवेदक के सम्मुख उल्लेखित दुकान का नामांतरण हेतु इस निकाय में आपसी सहमति पर आवेदन प्रस्तुत किया गया हैः-

| क्र. | आवेदक का नाम | अनावेदक का नाम | दुकान जहां स्थित है | दुकान क्रमांक | दुकान का आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री रामेश्वर शर्मा पिता श्री तेजाराम शर्मा | श्री प्रेमचन्द बाफना पिता श्री चम्पालाल बाफना | पुराना पोस्ट ऑफिस कॉम्प्लेक्स | 02 | - |
| 02 | श्रीमती सीमा साहू पति श्री सुनील साहू | श्रीमती मीरा जायसवाल पति श्री अनित जायसवाल | छोटी कॉम्प्लेक्स | 22 | महिला |
| 03 | श्री मुन्नालाल जुमड़े पिता श्री चिन्ना सम्मा जुमड़े | श्री सहदेव जुमड़े पिता श्री चिन्ना सम्मा जुमड़े | पुराना बस स्टैण्ड चौक कॉम्प्लेक्स | 05 | SC |
| 04 | श्री मोहित कुड़ियम पिता श्री एम.आर. कुड़ियम | श्रीमती अमुना टेकामे पिता श्री बाजीराम टेकामे | स्व.निर्मित दुकान | 05 | स्व.निर्मित |
| 05 | श्री प्रणव बघेल पिता श्री नेहरू बघेल | श्री शाकीब खान पिता श्री शमीम खान | इन्दिरा मार्केट | 24 | ग्राम पंचायत कालीन |

उपरोक्तानुसार उक्त दुकान का नामांतरण हेतु आवेदन के संबंध में किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति सुझाव हो तो सूचना प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद् बीजापुर
जिला-बीजापुर (छ.ग.)

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर**
**(आदिवासी विकास शाखा)**
Email:- actd.jdp@gmail.com — Phone/Fax No. 07782-222520

**!!मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना!!**

क्रमांक/आ.वि./निर्माण/2844/ 2024/ — जगदलपुर दिनांक 05/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभागीय छात्रावास/आश्रम भवनों में जीर्णोद्धार कार्यो हेतु विकासखण्ड वार वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 26.07.2024 (सांय 5:00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र वितरण/निविदा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि :- 29.07.2024 (सांय 5:00 बजे तक)
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 02.08.2024 (स्पीड पोस्ट से 5:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि :- 05.08.2024 (अपरान्ह 3:00 बजे)

| क्र. | विकसखण्ड का नाम | वार्षिक कार्यों की अनुमानित लागत (प्रति सेक्टर 50.00 लाख के मान से) | धरोहर राशि (प्रति सेक्टर) | निविदा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | **जोन निविदा-विकासखण्ड (1) जगदलपुर** अंतर्गत सेक्टर क्र.1 व 02, **(2) बस्तर** अंतर्गत सेक्टर क्र.-01 व 02 **(3) बकावण्ड** अंतर्गत सेक्टर क्र.-01 व 02, **(04) लोहण्डीगुड़ा** अंतर्गत सेक्टर क्र.-01 व 02, **(05) बास्तानार** अंतर्गत सेक्टर क्र. 01 व 02, **(06) तोकापाल** अंतर्गत सेक्टर क्र.-01 व 02, **(07) दरभा** अंतर्गत सेक्टर क्र.-01 व 02, में जीर्णोद्धार/मरम्मत/लघु निर्माण एवं अन्य कार्य। | 50.00 लाख | 37500.00 | प्रथम बार |

टीप :- 01. पंजीकृत वर्ग - 'डी' या उच्च श्रेणी संविदाकार निविदा में शामिल हो सकते हैं।
02. प्रति सेक्टर निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 1500.00 है। 03. प्रति कार्य पूर्णता तिथि 06 माह निर्धारित है।
उपरोक्त कार्यों के निविदा की नियम व शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**सहायक आयुक्त**
आदिवासी विकास, जगदलपुर

जी-242501139/4

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 19 जुलाई।** मठपुरैना बजरंग चौक में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सीताराम साहू 40 वर्ष मठपुरैना बजरंग चौक का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलसी 4047 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 19 जुलाई।** गुलशन वाटिका सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मूर्तिदेवी राजपूत 60 वर्ष मकान नंबर 23 फेस 2 गुलशन वाटिका की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 48 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर, 19 जुलाई।** ग्राम देवरी मोड़ के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शत्रुहन सामंत 41 वर्ष ग्राम देवरी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीसी 1611 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे शत्रुहन की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 6 गिरफ्तार

**रायपुर, 19 जुलाई।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी रवि श्रीवास 56 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी शेख मोईन 25 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी राजू साहू 28 वर्ष व रूपेश यादव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी मोहम्मद साहेल 24 वर्ष व खरोरा पुलिस ने आरोपी गणेश धृतलहरे 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 19 जुलाई।** मौदहापारा पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि समवेत शिखर कॉम्पलेक्स के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अलीमुद्दीन खान 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# हमने जनता का विश्वास जीता है: मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ सरकार के छह माह पूरे होने पर नई दिल्ली के एक होटल में आयोजित सुशासन संवाद कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां व राज्य में सुशासन की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने जनता के सवालों का भी बेबाकी के साथ जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा शपथ ग्रहण के पश्चात हमारी सबसे बड़ी चुनौती जनता के भरोसे पर खरा उतरना था। मोदी जी ने जो प्रदेश की आम जनता को गारंटी दी थी, उन्हें पूरा करना था। लेकिन हमने 7 महीने के भीतर ही अधिकांश गारंटियों को पूरा कर जनता का भरोसा पुनः अर्जित कर लिया है। उन्होने कहा छत्तीसगढ़ में जनता का काम साएँ-साएँ हो रहा है, जिससे कमीशनखोरी करने वालों के मंसूबों पर पानी फिर गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार की नियत और नीति दोनों सही हैं। उन्होने नक्सलवाद के विरुद्ध किए गए कार्यों पर विशेष जोर देते हुए कहा हमारी सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। हमने सुरक्षा कैंप स्थापित किए हैं और इन इलाकों में विकास कार्यों को तेज किया है। इससे न केवल सुरक्षा बल्कि विकास की दिशा में भी हमें बड़ी सफलता मिली है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, हमने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया है ताकि जनता को उनकी समस्याओं का समाधान जल्दी और प्रभावी तरीके से मिल सके।

### सीएम लेंगे विधायक दल की बैठक

छत्तीसगढ़ में मानसून सत्र से पहले आज बीजेपी विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री निवास में होने वाली है । बैठक में मानसून सत्र में विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए आज रणनीति बनेगी । तय कार्यक्रम के मुताबिक यह बैठक मुख्यमंत्री निवास में शाम 6 बजे से शुरू होकर रात 8 बजे तक चलेगी।

श्रद्धांजलि



**रायपुर, 19 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय माना स्थित चौथी वाहिनी बटालियन पहुंचकर बीजापुर नक्सली हिंसा में शहीद जवान भरत साहू को श्रद्धांजलि दी. इस दौरान गृहमंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू समेत कई नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी।

## स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों को बढ़ाने का प्रयास : बृजमोहन



**रायपुर, 19 जुलाई।** सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का उद्देश्य युवा पीढ़ी में नेतृत्व, देशभक्ति, सामाजिक सेवा, और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने कहा युवाओं में समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को लेकर जागरूकता लाना है। बृजमोहन अग्रवाल ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के शपथ ग्रहण समारोह में नवीन राज्य परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों को बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

ज्ञापन



**रायपुर 19 जुलाई। तात्यापरा रोड चौड़ीकरण की मांग को लेकर आज महापौर एजाज ढेबर ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।**

### विशाल पेड़ गिरने से लग्जरी कारें ह्यक्षतिग्रस्त

**रायपुर, 19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में तीन दिनों से हो रही बारिश से पेड़ों का गिरना शुरू हो चुका है. पुराने और कमजोर पेड़ गिर जाने से नुकसान भी हो रहा है. इसी बीच बारिश के चलते बड़ा हादसा हुआ है. दरअसल जगदलपुर कोतवाली थाना में लगभग डेढ़ सौ साल पुराने सिरसा का पेड़ अचानक सुबह गिर पड़ा। पेड़ के गिर जाने से जप्ती की गई हैरियर और स्कार्पियो जैसी तीन महंगी गाड़ियां दबकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. वहीं दो शासकीय गाड़ी को भी नुकसान हुआ है. कुछ पुलिसकर्मी थाना के सामने बात कर रहे थे तभी पेड़ अचानक गिर गया. कुछ पुलिसकर्मियों ने भाग कर अपनी जान बचाई।

## बढ़ते अपराध को लेकर 24 को कांग्रेस का विधानसभा घेराव



**रायपुर, 19 जुलाई।** राज्य की लचर कानून व्यवस्था, अपहरण, लूट, हत्या एवं विगत दिनों बलौदाबाजार मे हुए आगजनी के विरोध मे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 24 जुलाई को विधानसभा घेराव करने का निर्णय लिया है। जिसकी तैयारियो को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन गांधी मैदान मे आवश्यक बैठक आयोजित की गई थी। कार्यकर्ताओ को निर्देश दिये गये है कि वार्ड मे लाउड स्पीकर के माध्यम से आम जनता को इस आंदोलन के बारे मे बताकर उनको अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने के लिए अपील करे। ब्लॉक अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो को अधिक से अधिक संख्या मे भीड़ लाने का भी निर्देश दिए गये है। इस बैठक मे सत्यनारायण शर्मा गिरीश दुबे कुलदीप जुनेजा महेंद्र छाबडा महेश शर्मा शिव सिंह ठाकुर डॉ. राकेश गुप्ता धनंजय सिंह ठाकुर सुरेश सिंह ठाकुर सुर्यमणि मिश्रा संजय पाठक अशोकराज आहूजा मदन तालेडा विकास तिवारी आशा चौहान आशा जोसेफ गंगा यादव दिनेश ठाकुर पार्षद सुंदर जोगी उत्तम साहू देवेंद्र यादव अमितेश भारद्वाज अन्नु साहू शीतल कुलदीप बोगा बंटी होरा आकाश तिवारी मणिराम साहू ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगडी नवीन चंद्राकर सुमीत दास सचिन शर्मा माधव साहू सहदेव व्यवहार अशोक ठाकुर देव कुमार साहू अरूण जंघेल संजय सोनी दीपा बग्गा जी. श्रीनिवास बंशी कन्नौजे अविनय दुबे इंद्रजीत राजपूत संदीप तिवारी बाकर अब्बास मोहम्मद फहीम पुष्पराज बैद राजू सोनी शब्बीर खान प्रवीण चंद्राकर नवीन लाजरस संतोष बाघमार अनिल रायचूरा राजू नायक गोपाल श्रीवास मोहसिन खान सुयश शर्मा भीम यादव कृष्णा नायक योगेश दीक्षित सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 294.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 19 जुलाई।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 294.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 19 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 604.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 138.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 204.3 मिमी, बलरामपुर में 339.1 मिमी, जशपुर में 240.8 मिमी, कोरिया में 249.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 205.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 265.5 मिमी, बलौदाबाजार में 300.5 मिमी, गरियाबंद में 363.2 मिमी, महासमुंद में 232.7 मिमी, धमतरी में 296.9 मिमी, बिलासपुर में 339.9 मिमी, मुंगेली में 315.9 मिमी, रायगढ़ में 332.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 204.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 313.7 मिमी, सक्ती में 275.2 कोरबा में 395.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 342.1 मिमी, दुर्ग में 184.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

## पारंपरिक बाजारों में भी मूलभूत सुविधाओं के लिए आयुक्त को ज्ञापन



**रायपुर, 19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर के प्रतिनिधि मंडल ने अबिनाश मिश्रा जी, आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर को प्रदेश के पारंपरिक बाजारों को स्मार्ट बाजार में विकसित करने हेतु आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर निशिकांत वर्मा असिस्टेंट कमिश्नर आउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर पालिक निगम रायपुर उपस्थित थे।

चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने पत्र के माध्यम से बताया कि चेंबर के माध्यम से विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा किया गया था जिसके तहत इन बाजारों में स्थान का चयन कर आवश्यक सुविधाओं का निर्माण करना सुनिश्चित किया गया था। इन बाजारों में पूरे प्रदेश भर से व्यक्ति आकर खरीदारी करते हैं तथा यहां का जनघनत्व बहुत अधिक होता है अतः ऐसे बाजारों के लिए एक स्मार्ट बाजार जिसमें एक स्मार्ट स्वास्थ्य प्रणाली, शासन, परिवहन प्रणाली, सुरक्षा के लिए बेहतर निगरानी, स्मार्ट बुनियादी ढांचा, बेहतर रोजगार के अवसर, और हर दूसरी सुविधा और सुविधाएं शामिल हों जो एक उन्नत किस्म के बाजार के लिए अति आवश्यक है जिन्हें तीव्र गति से पूरा किया जाना चाहिए। इस अवसर पर चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, उपाध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, मंत्री निलेश मुंधड़ा, अमित अग्रवाल एवं दिलीप ईसरानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जिस रुट पर पकड़े जायेंगे गौ-तस्कर उस रुट के सभी थानेदारों पर होगी सीधी कार्रवाई

**रायपुर, 19 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ वर्षों में गायों की तस्करी के मामले बढ़े हैं। बड़े तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई के बाद भी तस्करी रुक नहीं रही है। हालांकि, राज्य सरकार ने इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। राज्य में गाय की तस्करी से जुड़े कानूनों को बहुत सख्त बना दिया गया है। डीजीपी ने इस संबंध में जिला पुलिस प्रमुखों को निर्देश जारी किए हैं। नए कानून के अनुसार अब गाय की तस्करी के लिए सजा 7 साल तय की गई है। उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। नए कानून के अनुसार अब आरोपी को खुद बेगुनाही का सबूत देना होगा। इसमें कहा गया है, गाय की तस्करी एक संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध होगा। मवेशियों का परिवहन केवल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से किया जाएगा, जबकि अनुमति के बिना मवेशियों का परिवहन अवैध माना जाएगा। इतना ही नहीं, वाहन राजस्थान में दर्ज किया जाएगा और मालिक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। कहा गया है कि गाय की तस्करी से बनी संपत्ति को कुर्क किया जाएगा। इस कानून के सख्त अनुपालन के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। डीजीपी द्वारा जारी एक परिपत्र में राज्य भर की पुलिस को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि गायों की तस्करी करते हुए पकड़े जाने पर पूरे मार्ग के पुलिस अधिकारी को दोषी माना जाएगा। ऐसे में सभी की सर्विस बुक में नकारात्मक टिप्पणी भी दर्ज की जाएगी, जबकि पांच नकारात्मक टिप्पणियों के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने कृषि पशुओं की तस्करी और अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26